Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 140 | शनिवार, 30 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# 'तारीख पर तारीख' अब और नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को दिए निर्देश, तीन महीने में सुनाना होगा रिजर्व फैसला

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** अदालतों में लंबित मामलों और फैसलों में होने वाली देरी पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट के लिए अनिवार्य दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने आरक्षित फैसलों, जमानत आदेशों और उनके कारणों को सार्वजनिक करने के लिए स्पष्ट समयसीमा तय की है।

### सुरक्षित फैसलों को अधिकतम तीन महीने के भीतर सुनाना होगा

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में फैसला सुरक्षित (Reserved Judgment) रखे जाने के बाद उसे अधिकतम तीन महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए।

वहीं जमानत से जुड़े मामलों में आदेश आदर्श रूप से अगले दिन जारी किया जाए और उसी दिन जेल प्रशासन तक पहुंचाया जाए।

### जमानत पाए कैदियों कि रिहाई उसी दिन हो सुनिश्चित

अदालत ने यह भी कहा कि जिन अंडरट्रायल कैदियों को जमानत मिल चुकी है, उनकी रिहाई उसी दिन या अधिकतम अगले दिन सुनिश्चित की जानी चाहिए।

नए दिशानिर्देशों के अनुसार, अदालत पहले आदेश का प्रभावी हिस्सा (Operative Part) खुले कोर्ट में सुनाएगी और उसके विस्तृत कारण सात दिनों के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। साथ ही, जिस दिन फैसला सुरक्षित रखा गया हो, उसकी जानकारी भी संबंधित हाईकोर्ट की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं किया जाता है तो मामला किसी अन्य पीठ को सौंपा जा सकता है। वहीं, यदि फैसले के कारण 30 दिनों के भीतर अपलोड नहीं किए जाते हैं तो मामला वापस लेकर नई पीठ के समक्ष भेजा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्टों के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि वे इन दिशानिर्देशों को संबंधित मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## माफ कीजिए हम इसमें दखल नहीं देंगे, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद नहीं जाएंगे जेल, पॉक्सो केस में सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 29 मई को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पीओसीएसओ) के तहत दर्ज मामले में अग्रिम जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि क्षमा करें, हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। 25 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को पीओसीएसओ अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने प्रथम शिकायतकर्ता और याचिकाकताओं (स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और शिष्य) दोनों को इस संबंध में मीडिया के समक्ष कोई भी बयान देने से रोक दिया। न्यायालय ने दोनों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। यह मामला प्रयागराज के झूंसी पुलिस स्टेशन में पीओसीएसओ अदालत के निर्देशों के बाद दर्ज की गई एफआईआर से संबंधित है, जिसमें आरोपी द्वारा कई 'बटुकों' (युवा शिष्यों) के यौन शोषण का आरोप लगाया गया है।

## कर्नाटक में कांग्रेस का चार डिप्टी सीएम के फॉमूर्ले पर मंथन, सिद्दरमैया के बेटे को मिल सकती है कैबिनेट में जगह

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के इस्तीफे के बाद से कर्नाटक की राजनीति में बड़ा उलफेर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में डीके शिवकुमार के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने के लिए चार डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आज दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा करेंगे। जिसमें चार डिप्टी सीएम को लेकर भी मंथन होगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्दरमैया, डीके शिवकुमार और AICC के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक के दौरान राज्यसभा उम्मीदवारों, MLC उम्मीदवारों और मंत्रिमंडल में फेरबदल पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा।

सूत्रों ने आगे बताया कि सिद्दरमैया के मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों को डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना कम है। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए चार उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, सिद्दरमैया के बेटे और विधान परिषद के सदस्य यतींद्र को डीके शिवकुमार की कैबिनेट में शामिल किए जाने की पूरी उम्मीद है। उन्हें कोई अहम मंत्रालय मिलने की संभावना है, ताकि सिद्दरमैया की विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा सके।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक की तारीख आज तय की जाएगी जो कि अब महज एक औपचारिकता ही लगती है। इसके बाद, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय की जाएगी।

### कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों पर होने हैं चुनाव

कर्नाटक में राज्यसभा की जिन चार सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से कांग्रेस दो सीटें आसानी से जीतती दिख रही है। तीसरी सीट पर भी उसे बढ़त हासिल है, जिसके लिए उसे बस कुछ और वोटों की जरूरत है। सूत्रों ने बताया कि AICC के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला तीन में से दो राज्यसभा सीटों के लिए नामों का पैनल पेश करेंगे, और खड़गे को राज्यसभा में दोबारा मौका दिया जाएगा। इसके अलावा, राज्य में विधान परिषद (MLC) की सात सीटों पर होने वाले चुनावों के लिए भी संभावित नामों का एक पैनल पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपा जाएगा।

### राज्यपाल ने स्वीकार किया इस्तीफा

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बीते गुरुवार अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने गुरुवार दोपहर तीन बजे लोकभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंप दिया, लेकिन राज्यपाल की अनुपस्थिति के कारण उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ था। आज राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सिद्दरमैया का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

राज्यपाला ने इस्तीफा स्वीकार करते हुए लिखा, 'मैं थावरचंद गहलोत भारत के संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।'

## हमीरपुर में दर्दनाक हादसा! बेतवा नदी पर गिर गया निमार्णाधीन पुल का स्लैब, सोते हुए 6 मजदूरों की मलबे में दबकर मौत



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से एक बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक खबर सामने आई है। शुक्रवार तड़के तेज आंधी-तूफान के दौरान बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल का एक बड़ा स्लैब अचानक भरभराकर गिर गया। इस भीषण हादसे में पुल निर्माण कार्य में लगे 6 श्रमिकों की मलबे में दबने से मौत हो गई, जबकि 3 अन्य श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार, घटना तड़के करीब तीन बजे लालपुरा थाना क्षेत्र में हुई, जब परसनी और कुरारा कंदौर गांव के बीच निमार्णाधीन पुल का स्लैब गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि पुल निर्माण कार्य में लगे कई मजदूर स्लैब के ऊपरी हिस्से पर सो रहे थे। इसी दौरान अचानक स्लैब गिर गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लोकेन्द्र (22), कुलदीप निषाद (19), सावंत यादव (28), सभाजीत (30), पुष्पेंद्र चौहान (34) और राजेश पाल (42) के रूप में हुई है। वहीं, अवधेश निषाद, कल्लू यादव और राजेश निषाद पिलर के नीचे फंसकर घायल हो गए। लालपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तीनों घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। सरोज ने बताया कि मलबा हटाकर यह देखा जा रहा है कि कहीं कोई अन्य व्यक्ति दबा तो नहीं है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'जनपद हमीरपुर में बेतवा नदी पर एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।' उन्होंने कहा, 'प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।'

## 'शादी करके पत्नी और उसके परिवार को क्यों अपमानित करते हैं?', दहेज प्रताड़ना केस में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** दहेज उत्पीड़न और महिला की संदिग्ध मौत से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि शादी के बाद लड़कियों और उनके परिवारों का अपमान करना समाज में गंभीर समस्या बन चुकी है और ऐसे मामलों में सख्त संदेश देना जरूरी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ छत्तीसगढ़ के एक मामले की सुनवाई कर रही थी। यह मामला वर्ष 2010 का है, जिसमें शादी के तीन साल के भीतर एक महिला की ससुराल में फांसी लगने से मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महिला को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मामले में पति के परिवार पर नकद पैसे और कार की मांग करने के आरोप लगे थे। महिला के परिवार ने अदालत को बताया कि शादी के बाद लगातार आर्थिक दबाव बनाया गया और मौत से कुछ समय पहले भी दहेज की मांग जारी थी।

### अदालत ने कहा- बहू और उसके परिवार को अपमानित करना बंद होना चाहिए

सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा, 'लड़के शादी क्यों करते हैं और फिर लड़की व उसके परिवार का अपमान क्यों करते हैं? समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि बहू और उसके परिवार को अपमानित करना स्वीकार नहीं किया जाएगा।' अदालत ने कहा कि यह मामला सिर्फ आत्महत्या का नहीं, बल्कि लगातार मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना का भी है। मेडिकल रिपोर्ट में महिला की मौत फांसी से दम घुटने के कारण बताई गई, लेकिन अदालत ने माना कि दहेज की मांग और प्रताड़ना का उसकी मौत से सीधा संबंध था। ट्रायल कोर्ट ने पति के परिवार के कई सदस्यों को दहेज मृत्यु, आत्महत्या के लिए उकसाने और क्रूरता से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया था। बाद में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा।

सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका महिला के देवर की ओर से दायर की गई थी। उसने भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत मिली सजा को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल पर केवल प्रताड़ना का आरोप था और मामला नहीं बनता। हालांकि अदालत इस दलील से संतुष्ट नहीं हुई। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'आपको खुश होना चाहिए कि सिर्फ धारा 498ए लगी है और केवल तीन साल की सजा हुई है।' अदालत ने यह भी कहा कि कई मामलों में बहू और उसके परिवार से लगातार पैसे निकालने की कोशिश की जाती है। जस्टिस नागरत्ना ने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि लड़की के परिवार को 'भिखारी' तक कहा गया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि लड़की के पिता अपनी बेटी को बचाने के लिए पैसे देने को तैयार थे, फिर भी उनका अपमान किया गया।


### अदालत बोली- समाज को सख्त संदेश देना जरूरी

याचिकाकर्ता की ओर से एफआईआर दर्ज कराने में देरी का मुद्दा भी उठाया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे महत्वपूर्ण नहीं माना। अदालत ने कहा कि दहेज प्रताड़ना के मामलों में समाज को स्पष्ट संदेश देना जरूरी है। जस्टिस उज्जल भुइयां ने भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हैरानी की बात यह है कि ऐसे मामलों में पढ़े-लिखे लोग भी शामिल होते हैं।

अंत में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसले को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ऋषि जायसवाल ने पैरवी की।

## पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत, एक आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से कम से कम 13 लोगों की मौत होने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह मामला पुणे के हडपसर इलाके का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके के चार का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने योगेश वानखेड़े नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसे पहले पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसी ने दोनों स्थानों पर शराब की आपूर्ति की थी। पुणे पुलिस अधिकारियों के अनुसार आगे की जांच जारी है। पुणे से पांच मौतों की सूचना मिली है, जिनमें से तीन काले पाडल में और दो हडपसर में हुई हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि ये मौतें नकली शराब पीने से हुई हैं।

वहीं, पुलिस का कहना है कि मौतों का असली कारण फोरेंसिक और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। जांचकताओं ने बताया कि पीड़ितों की ओर से बताए गए लक्षणों में समानताएं थीं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोगों ने चक्कर आना, बेहोश होने से पहले बेचैनी, मुंह से झाग निकलना, सांस लेने में कठिनाई और हृदय गति में अचानक गिरावट की शिकायत की। पुलिस ने बताया कि कम से कम एक मृतक के शरीर में शराब पाई गई है। अधिकारियों ने चिकित्सा रिपोर्ट आने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से मना किया है।

# परीक्षा सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व कदमः नीट-यूजी प्रश्न पत्रों की ढुलाई के लिए लगाई जा सकती है भारतीय वायु सेना?

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा में हुए पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार अब आगामी दोबारा परीक्षा को पूरी तरह फुलप्रूफ और पारदर्शी बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस बार प्रधानमंत्री कार्यालय खुद सीधे तौर पर पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्रालय एक ऐसा अभूतपूर्व कदम उठाने पर विचार कर रहा है, जिसकी देश के इतिहास में शायद ही कोई मिसाल मिलती हो– प्रश्न पत्रों की सुरक्षित ढुलाई (Logistics) के लिए देश के रक्षा बलों की मदद लेना।

हालांकि, इस फैसले ने एक बड़ा और परेशान करने वाला सवाल भी खड़ा कर दिया हैः क्या अब देश में एक निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराना इतना मुश्किल काम बन गया है कि इसके लिए सेना की जरूरत पड़ रही है? यह घटनाक्रम 3 मई को हुई मेडिकल प्रवेश परीक्षा के रद्द होने के बाद सामने आया है।

पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी, जिससे 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यह दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। इस पूरे विवाद के केंद्र में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) है, जो नीट सहित अधिकांश प्रमुख केंद्रीय परीक्षाओं का आयोजन करती है। अब तक की जांच में यह खुलासा हुआ है कि नीट के प्रश्न पत्र की छपाई वाली जगह से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की यात्रा के दौरान कई जगहों पर लीक होने की गुंजाइश थी। इसी कमी को दूर करने के लिए रक्षा बलों की मदद ली जा सकती है।

### रक्षा बलों को क्यों शामिल किया जा सकता है?



PTI की एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस बैठक में भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, नीट-यूजी के प्रश्न पत्रों को छपाई वाली जगह से देश भर में स्थित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी IAF की होगी। इसके अलावा, जून के महीने में बारिश के कारण मौसम के अप्रत्याशित रहने की संभावना को देखते हुए, सरकार का मानना है कि इन संवेदनशील दस्तावेजों की ढुलाई का जिम्मा IAF को सौंपना ही सबसे सुरक्षित विकल्प होगा।

इस समस्या का एक हिस्सा नीट परीक्षा आयोजित करने के तरीके में भी छिपा है। खएए परीक्षा के विपरीत, जो कंप्यूटर-आधारित होती है, नीट एक 'पेन-एंड-पेपर' (कागज-कलम वाली) परीक्षा है। अब तक, प्रश्न पत्रों की ढुलाई डाक सेवा के माध्यम से की जाती रही है। इस प्रक्रिया में कई बार प्रश्न पत्रों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना पड़ता था और कई अधिकारी इसमें शामिल होते थे। सीधे शब्दों में कहें तो, इसमें मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश रहती थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि रक्षा बलों को शामिल करने का सरकार का यह कदम नागरिक तंत्र (सिविलियन मशीनरी) पर गहरे अविश्वास का संकेत है। इस नागरिक तंत्र में नीट के अधिकारी, पुलिस और शैक्षणिक संस्थान शामिल होते हैं। 3 मई को हुए लीक की जांच से यह संकेत मिला है कि डाक सेवा के माध्यम से ढुलाई करना उन कमजोर कड़ियों में से एक हो सकता है, जहां से लीक होने का खतरा रहता है।

### विशेषज्ञों ने इस कदम पर सवाल उठाए

'क्या देश में मौजूदा सभी सिस्टम फेल हो गए हैं कि अब यह कदम उठाना पड़ रहा है? अगर दोषियों को जल्दी सजा नहीं मिलती, तो सिस्टम को भ्रष्टाचार की आदत पड़ जाती है। नीट के मामले में ठीक यही हो रहा है,' मेजर जनरल राजू चौहान (रिटायर्ड) ने ट्वीट किया।

भू-राजनीतिक विशेषज्ञ रोहित वत्स ने कहा कि IAF को शामिल करना 'सिर्फ दिखावा' है, क्योंकि सेनाओं के साथ भरोसे का एक पहलू जुड़ा होता है। वत्स ने कहा, 'रक्षा बलों को शामिल करना एक बेवकूफी भरा कदम है।'

## संपादक की कलम से

# शिक्षा का व्यापार

शिक्षा को हमेशा समाज की सबसे बड़ी ताकत माना गया है। स्कूल और कॉलेज ज्ञान के मंदिर कहे जाते थे, जहां बच्चों के सपनों को आकार मिलता था और उनके भविष्य की नींव रखी जाती थी। लेकिन आज शिक्षा धीरे-धीरे सेवा से अधिक व्यापार बनती जा रही है। महंगे निजी स्कूल, बढ़ती फीस, कोचिंग संस्थानों का विस्तार और शिक्षा के नाम पर दिखावा—इन सबने शिक्षा को एक बड़े उद्योग में बदल दिया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि गरीब और मध्यम वर्ग के माता-पिता आखिर अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कहां जाएं? आज एक सामान्य परिवार के लिए बच्चों की शिक्षा सबसे बड़ा आर्थिक बोझ बन चुकी है। स्कूलों की फीस हर साल बढ़ती जा रही है। प्रवेश शुल्क, वार्षिक शुल्क, परिवहन शुल्क, स्मार्ट क्लास शुल्क, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य गतिविधियों का खर्च मिलाकर शिक्षा आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। कई माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए अपनी जरूरतों में कटौती करते हैं। कुछ लोग कर्ज लेते हैं, तो कुछ अपनी बचत खत्म कर देते हैं। फिर भी उनके मन में यह डर बना रहता है कि यदि बच्चे को महंगे स्कूल में नहीं पढ़ाया गया, तो उसका भविष्य कमजोर हो जाएगा। निजी स्कूलों और कॉलेजों के बीच प्रतिस्पर्धा अब शिक्षा से अधिक व्यवसायिक हो गई है। बड़े-बड़े भवन, वातानुकूलित कक्षाएं, चमकदार विज्ञापन और विदेशी पाठ्यक्रमों का आकर्षण माता-पिता को प्रभावित करता है। स्कूल अपने परिणामों और सुविधाओं को ऐसे प्रस्तुत करते हैं जैसे वे कोई कॉर्पोरेट कंपनी हों। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या केवल महंगी इमारतें और अंग्रेजी बोलना ही अच्छी शिक्षा का प्रमाण हैं? वास्तविक शिक्षा वह है जो बच्चों में सोचने की क्षमता, नैतिक मूल्य, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास विकसित करे। सरकारी स्कूलों की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। कई जगहों पर शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत सुविधाएं और संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण लोग सरकारी स्कूलों पर भरोसा खोते जा रहे हैं। हालांकि अनेक सरकारी स्कूल उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, फिर भी समाज में यह धारणा बन गई है कि अच्छी शिक्षा केवल निजी स्कूलों में ही मिल सकती है। यही सोच शिक्षा के व्यापारीकरण को और बढ़ावा देती है। कोचिंग और ट्यूशन संस्कृति ने भी शिक्षा को महंगा बना दिया है। बच्चे स्कूल के बाद घंटों कोचिंग संस्थानों में बिताते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब एक अलग उद्योग बन चुकी है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार इस अतिरिक्त खर्च को वहन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दूसरी ओर, बच्चों पर अंक और रैंक लाने का मानसिक दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इस व्यवस्था में सबसे अधिक संघर्ष मध्यम वर्ग करता है। अमीर वर्ग आसानी से महंगी शिक्षा खरीद सकता है और गरीब वर्ग को कुछ सरकारी योजनाओं का लाभ मिल जाता है, लेकिन मध्यम वर्ग अक्सर दोनों के बीच फंस जाता है। उनकी आय इतनी नहीं होती कि वे बिना चिंता के भारी फीस भर सकें, और न ही उन्हें पर्याप्त सहायता मिलती है। वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुपचाप संघर्ष करते रहते हैं। यदि शिक्षा केवल पैसे वालों तक सीमित हो जाए, तो समाज में असमानता और बढ़ेगी। शिक्षा का उद्देश्य समाज में समान अवसर प्रदान करना और लोगों को सशक्त बनाना है। इसलिए सरकारों को चाहिए कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारी जाए, फीस नियंत्रण के लिए प्रभावी नीतियां बनाई जाएं और हर बच्चे के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए।



ललित शर्मा
संपादक

## सच्चाई से कब तलक भागेगा

उदय किशोर साह



कविता

कब तलक सच्चाई से तुम सब भागेगा
सत्य के सामने क्या कभी टिक पायेगा
लाख कर लो चेहरे पे नकली श्रृंगार
सत्य की धुरी पर टिका है ये संसार

सत्य परेशान है इस जालिम कलियुग में
पर सत्य पराजित ना हुआ है किसी युग में
सत्य से झूठा है हर युग में हलकान
नतमस्तक हो जाता है झुठा श्रीमान

सत्य की खुशबू गुलशन को महकये
सत्य की दीप देवी देवता भी हैं जलाये
साधु संत भी हैं सत्यपथ के सदैव गुलाम
सत्य को पहचानों आज रे बेईमान

सत्य है जीवन की मंजिल व मुकाम
कष्टदायक जरूर है पर ना है ये बदनाम
सत्य तप है पर है सुख का एक धाम
आत्मसात कर सत्य को अब श्रीमान

पर्वत के आगे सत्य कभी क्या झुकता
खुद टुट जाये पर हौसला ना टुटता
सत्य के साथ बन जाना है अब गुलफाम
कठिन जरूर है पर है पाल सत्य अरमान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आर्थिक आतंकवाद: टैक्स, कर्ज और महंगाई का त्रिशूल



एन0के0शर्मा
लेखक




आतंकवाद हमेशा बारूद की गंध से नहीं पहचाना जाता; कई बार वह नीतियों की स्याही में छिपा होता है, और उसकी आवाज विस्फोट की नहीं, बल्कि टूटते हुए आत्मविश्वास की होती है। आर्थिक आतंकवाद उसी श्रेणी का वह क्रूर, परिष्कृत और वैध बना दिया गया तंत्र है, जो इंसान को बिना शोर किए, बिना खून बहाए, भीतर से खोखला करता है। यह व्यवस्था किसी एक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि दशकों से गढ़ी गई वह संरचना है, जिसमें नागरिक को 'उपभोक्ता' और 'करदाता' में बदलकर उसकी मानवीय गरिमा को धीरे-धीरे आंकड़ों में सीमित कर दिया गया है। टैक्स, कर्ज और महंगाई—ये तीनों केवल आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि आधुनिक शासन की वह त्रयी हैं, जो नागरिक की स्वतंत्रता को नापने, सीमित करने और नियंत्रित करने का काम करती हैं।

टैक्स अब योगदान का माध्यम नहीं रहा; यह एक ऐसा औजार बन चुका है, जो व्यक्ति की मेहनत को व्यवस्थित रूप से काटता है। आय पर कर लगना समझ में आता है, लेकिन जब हर वस्तु, हर सेवा, हर आवश्यकता पर कर की परतें चढ़ जाती हैं, तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि नागरिक आखिर किस स्तर पर स्वतंत्र है। वह जितना कमाता है, उसका एक हिस्सा पहले ही काट लिया जाता है; जो बचता है, उसे खर्च करते समय फिर से कर के रूप में देना पड़ता है। यह दोहरी नहीं, कई स्तरों वाली कटौती है—एक ऐसी संरचना जिसमें नागरिक हमेशा 'देने वाला' और व्यवस्था हमेशा 'लेने वाली' बन जाती है। और यह सब उस समय हो रहा है, जब सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता अक्सर उसी अनुपात में नहीं बढ़ती। सड़कों की हालत, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, शिक्षा की गुणवत्ता—इन सब पर सवाल बने रहते हैं, लेकिन कराधान की तीव्रता निरंतर बढ़ती जाती है। यह असंतुलन केवल आर्थिक अन्याय नहीं, बल्कि विश्वासघात की तरह महसूस होने लगता है।

कर्ज इस व्यवस्था का दूसरा, और शायद सबसे खतरनाक हथियार है, क्योंकि यह व्यक्ति को स्वेच्छा से बंधन में जाने के लिए प्रेरित करता है। आधुनिक जीवन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि बिना कर्ज के आगे बढ़ना लगभग असंभव लगे। शिक्षा इतनी महंगी कि बिना ऋण के अधूरी रह जाए, घर इतना महंगा कि जीवनभर की बचत भी कम पड़ जाए, और जीवनशैली इतनी आकांक्षापूर्ण कि व्यक्ति अपने वर्तमान से असंतुष्ट होकर भविष्य को गिरवी रखने को तैयार हो जाए।

यह केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक जाल है। कर्ज लेने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी प्राथमिकताएँ बदल देता है—वह जोखिम लेने से डरने लगता है, वह अन्याय के खिलाफ खड़े होने से हिचकने लगता है, क्योंकि उसके ऊपर एक स्थायी बोझ होता है। उसकी स्वतंत्रता अब सैद्धांतिक रह जाती है, व्यावहारिक नहीं। और यही इस तंत्र की सबसे बड़ी सफलता है—व्यक्ति को ऐसा बंधन दे देना, जिसे वह स्वयं 'जरूरत' समझकर स्वीकार करे।

महंगाई इस पूरे खेल की सबसे चालाक कड़ी है, क्योंकि यह खुलकर हमला नहीं करती, बल्कि धीरे-धीरे, निरंतर और लगभग अदृश्य तरीके से जीवन को महंगा बनाती है। यह वह चोर है, जो दरवाजा तोड़कर नहीं, बल्कि रोज थोड़ा-थोड़ा घर से सामान उठाकर ले जाता है, और आपको देर से पता चलता है कि बहुत कुछ खो चुका है। जब आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं, तो यह केवल बजट का सवाल नहीं होता; यह जीवन की गुणवत्ता का सवाल बन जाता है। एक परिवार जो कल तक संतुलित जीवन जी रहा था, आज समझौते करने को मजबूर हो जाता है—पोषण में, शिक्षा में, स्वास्थ्य में।

महंगाई व्यक्ति के सपनों को छोटा कर देती है, उसकी योजनाओं को टाल देती है, और उसके आत्मविश्वास को क्षीण कर देती है। यह केवल जेब पर नहीं, मानसिकता पर हमला है—एक ऐसा हमला जो व्यक्ति को धीरे-धीरे यह मानने पर मजबूर कर देता है कि 'यही सामान्य है'। जब ये तीनों शक्तियाँ एक साथ काम करती हैं, तो यह केवल आर्थिक दबाव नहीं बनातीं, बल्कि एक समग्र नियंत्रण तंत्र तैयार करती हैं।

टैक्स वर्तमान को सीमित करता है, महंगाई वर्तमान की गुणवत्ता को घटाती है, और कर्ज भविष्य को बाँध देता है। इसका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति के पास न वर्तमान में राहत होती है, न भविष्य में आश्वासन। वह लगातार काम करता है, लेकिन आगे बढ़ने का अनुभव नहीं करता। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत असंतोष तक सीमित नहीं रहती; यह सामाजिक अस्थिरता को जन्म देती है। जब मेहनत और परिणाम के बीच का संबंध कमजोर पड़ता है, तो समाज में निराशा, आक्रोश और अविश्वास बढ़ने लगता है।

और यह सब एक व्यापक वैश्विक ढांचे के भीतर हो रहा है, जहाँ आर्थिक नीतियाँ केवल राष्ट्रीय हितों से नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दबावों और बाजार शक्तियों से भी प्रभावित होती हैं। विकासशील देशों के सामने विकल्प सीमित होते हैं—उन्हें निवेश चाहिए, उन्हें स्थिरता चाहिए, और इसके लिए उन्हें ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं, जो कभी-कभी उनके अपने नागरिकों के हितों के विपरीत होते हैं। यह एक ऐसा संतुलन है, जिसमें राष्ट्र भी उसी जाल में फँस जाते हैं, जिसमें उनके नागरिक फँसे होते हैं—बस पैमाना अलग होता है।

सबसे तीखा प्रश्न यह नहीं है कि यह सब क्यों हो रहा है, बल्कि यह है कि इसे इतने लंबे समय तक बिना चुनौती के कैसे स्वीकार कर लिया गया। शायद इसलिए कि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे हुई, बिना किसी बड़े झटके के। शायद इसलिए कि इसे 'विकास', 'आधुनिकीकरण' और 'आर्थिक प्रगति' के आकर्षक शब्दों में लपेट दिया गया। और शायद इसलिए कि हर व्यक्ति अपने व्यक्तिगत संघर्षों में इतना उलझा हुआ है कि वह व्यापक तस्वीर को देखने का समय ही नहीं निकाल पाता।

लेकिन अब यह अनदेखा करना कठिन होता जा रहा है। जब एक पूरी पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करने लगे, जब मेहनत के बावजूद स्थिरता न मिले, और जब आवश्यकताएँ भी बोझ लगने लगें, तो यह संकेत है कि समस्या सतही नहीं, संरचनात्मक है। समाधान भी सतही नहीं हो सकता। इसके लिए नीतिगत ईमानदारी, पारदर्शिता और संतुलन की आवश्यकता है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है नागरिक की जागरूकता। क्योंकि जब तक व्यक्ति यह नहीं समझेगा कि उसके साथ क्या हो रहा है, तब तक वह केवल परिस्थितियों से जूझता रहेगा, उन्हें बदलने की दिशा में नहीं बढ़ पाएगा। यह कोई अचानक समाप्त हो जाने वाला संकट नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है, जो हर दिन हमारे निर्णयों, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी उम्मीदों को प्रभावित कर रही है। इसे पहचानना, इसके बारे में खुलकर बात करना, और इसके प्रभावों को समझना ही पहला कदम है। क्योंकि यह लड़ाई केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक भी है—एक ऐसी लड़ाई, जिसमें जीत केवल तब संभव है, जब व्यक्ति अपने भीतर यह स्वीकार करने का साहस जुटा सके कि जो सामान्य दिख रहा है, वह वास्तव में असामान्य है।

# कलम से क्रांति तक: हिंदी पत्रकारिता के 200 गौरवशाली वर्ष



डॉ विजय गर्ग
लेखक




30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित उदन्त मार्तण्ड के साथ हिंदी पत्रकारिता का जो सफर शुरू हुआ था, वह आज दो शताब्दियों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है। यह केवल किसी भाषा के समाचार-पत्रों का इतिहास नहीं है, बल्कि भारत की सामाजिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-जागरण की एक जीवंत गाथा है। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष उस संघर्ष, साहस और सामाजिक प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं, जिसने कलम को परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली माध्यम बनाया।

पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा स्थापित उदन्त मार्तण्ड हिंदी भाषी जनता को अपनी भाषा में समाचार और विचार उपलब्ध कराने का पहला संगठित प्रयास था। यद्यपि आर्थिक कठिनाइयों के कारण यह समाचार-पत्र अधिक समय तक नहीं चल सका, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता की नींव रख दी। इसके बाद अनेक पत्र-पत्रिकाओं ने समाज सुधार, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध और बीसवीं शताब्दी के आरंभ में हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। उस समय समाचार-पत्र केवल सूचना देने का माध्यम नहीं थे, बल्कि वे राष्ट्रीय चेतना के वाहक और औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जनमत तैयार करने के सशक्त उपकरण बन चुके थे। गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबूराव विष्णु पराड़कर, माखनलाल चतुर्वेदी और बालमुकुंद गुप्त जैसे पत्रकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से जनता में स्वतंत्रता, समानता और न्याय की भावना को प्रबल किया।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पत्रकारों को अनेक प्रकार के दमन, सेंसरशिप, जुमानों और कारावास का सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने सत्य और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता नहीं छोड़ी। उनकी कलम ने अंग्रेजी शासन की नीतियों को चुनौती दी और जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। यही कारण है कि हिंदी पत्रकारिता को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी पत्रकारिता की भूमिका और व्यापक हो गई। लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। हिंदी समाचार-पत्रों ने देश के दूरदराज क्षेत्रों तक सूचना पहुंचाने का कार्य किया और लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत बनाया। ग्रामीण भारत की समस्याओं और आम नागरिक की आवाज को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाने में हिंदी मीडिया का विशेष योगदान रहा।

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में उदारीकरण और तकनीकी क्रांति ने मीडिया जगत को पूरी तरह बदल दिया। हिंदी पत्रकारिता ने प्रिंट माध्यम से आगे बढ़कर रेडियो, टेलीविजन और डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। आज हिंदी समाचार वेबसाइटें, डिजिटल पोर्टल, यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म करोड़ों लोगों तक तत्काल सूचना पहुंचा रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता का दायरा अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विश्वभर में बसे हिंदी भाषियों तक फैल चुका है।

हालांकि, डिजिटल युग नई चुनौतियां भी लेकर आया है। फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाएं, टीआरपी की प्रतिस्पर्धा, व्यावसायिक दबाव और राजनीतिक ध्रुवीकरण ने पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं।

ऐसे समय में पत्रकारिता के मूल सिद्धांत—सत्य, निष्पक्षता, जवाबदेही और जनहित—पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्षों का अनुभव यह सिखाता है कि समाज का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। हिंदी पत्रकारिता की द्विशताब्दी केवल अतीत के गौरव का उत्सव नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों का भी स्मरण है। यह उन हजारों पत्रकारों, संपादकों, लेखकों और संवाददाताओं को श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपने साहस, प्रतिबद्धता और संघर्ष से इस परंपरा को समृद्ध बनाया। उनकी लेखनी ने समाज को दिशा दी, सत्ता से प्रश्न पूछे और लोकतंत्र को मजबूत किया।

आज जब हिंदी पत्रकारिता अपने तीसरे शतक में प्रवेश कर रही है, तब उसके सामने नई तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ अपने मूल्यों को सुरक्षित रखने की चुनौती है। यदि वह सत्य की खोज, जनहित की रक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के अपने मूल उद्देश्य पर कायम रहती है, तो आने वाले वर्षों में भी वह लोकतंत्र की प्रहरी और समाज की विश्वसनीय आवाज बनी रहेगी।

दो सौ वर्षों की यह यात्रा सिद्ध करती है कि कलम की शक्ति समय की सीमाओं से परे होती है। हिंदी पत्रकारिता की यह कालातीत गाथा केवल समाचारों का इतिहास नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक विकास की प्रेरक कहानी है—एक ऐसी कहानी, जो आने वाली पीढ़ियों को भी सत्य और परिवर्तन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी।

# भारतीय युवाओं के मस्तिष्क को संकुचित करता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



संजीव ठाकुर
लेखक



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है।

एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा।

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।

इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है।

वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं' विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है।

इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.

खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं।

खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें'।

यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है' यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं' दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है'।

राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

# लसंडा में व्यापारी की दिनदहाड़े हत्या से आक्रोश, 24 घंटे में गिरफ्तारी न होने पर पूरे पीलीभीत में उग्र आंदोलन की चेतावनी

लुकमान खान





**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** बिलसंडा में कल एक स्थानीय व्यापारी भाई की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या अत्यंत दुखद, कायराना और घोर निंदनीय घटना है। इस दुस्साहसिक वारदात से पूरे जिले के व्यापारी समाज में गहरा रोष और भय का माहौल है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इस जघन्य हत्याकांड की कड़े शब्दों में भर्त्सना करता है और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष ,एम. ए. जिलानी ,ने कहा कि दिनदहाड़े खुलेआम व्यापारी की हत्या होना बिलसंडा क्षेत्र की कानून व्यवस्था की पोल खोलता है। आज व्यापारी समाज खुद को पूरी तरह असुरक्षित महसूस कर रहा है।

युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि भविष्य में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस तरह की घटनाओं पर पूर्णविराम लगाने के लिए शासन-प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे। ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने माँग की है।

अपराधियों को 25 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए।

**सुरक्षा एवं सहायता:**, पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई जाए और वित्तीय सहारा देने के लिए उचित आर्थिक सहायता की घोषणा हो।

**सुरक्षा खाका (Security Blueprint):** बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए स्थायी कदम उठाए जाएं।

ज़िला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने बताया कि इस घटना के विरोध में आज बिलसंडा में नगर अध्यक्ष ,अरविंद अवस्थी ,के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। व्यापारी अपने सम्मान और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे।

यदि प्रशासन द्वारा जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापार मंडल व्यापारी हितों की रक्षा के लिए पूरे पीलीभीत जिले में बड़े पैमाने पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा, प्रवक्ता एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव, ऋषभ सिंह जिला महामंत्री, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, रशीद अंसारी नगर महामंत्री, अभिलाष गुप्ता युवा जिला मंत्री, केतन बाहरी युवा जिला मंत्री, मोहम्मद राजी अंसारी जिला उपाध्यक्ष युवा, मोहम्मद हैदर अंसारी संगठन मंत्री, मोहम्मद अदनान अंसारी, शौर्य गंगवार, वैभव रावत आदि व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पिलखुवा पुलिस ने शनि देव की मूर्ति खंडित करने वाले आरोपी को गांजे सहित किया गिरफ्तार

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में तीन दिन पूर्व थाना पिलखुवा क्षेत्र के मोहल्ला गांधी कॉलोनी स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में शनि देव की मूर्ति खंडित करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने मंदिर में मूर्ति खंडित करने की घटना कबूल की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना पिलखुवा में चोरी, आर्म्स एक्ट समेत करीब आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने की प्रेस वार्ता, भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

राजेंद्र सिंह





**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया।प्रेस वार्ता में पहुंचे पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि महोबा की दलित छात्रा का अपहरण कर उसे 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया।उसके साथ न केवल दुष्कर्म किया गया, बल्कि अमानवीय व्यवहार भी किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का कोई प्रतिनिधि पीड़िता के घर तक नहीं पहुंचा, जिससे सरकार की संवेदनहीनता उजागर होती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पीड़िता के परिवार से मिलने जाने पर भाजपा सरकार और उसके कार्यकर्ता बौखला गए हैं।प्रदेशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा अजय राय के विरोध में धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं।साथ ही सरकार के नुमाइंदों द्वारा उनकी संपत्ति की जांच की मांग की जा रही है।शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि यह बेहद हास्यास्पद है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी भाजपा सरकार और उसके मंत्री कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहे हैं, जबकि उनका सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में आगरा नगर निगम द्वारा निजी बिजली कंपनी टोरंट का 430 करोड़ रुपये का बकाया माफ किया गया।इससे पहले भी हजारों करोड़ रुपये पूंजीपतियों के माफ किए गए हैं। कांग्रेस लगातार भाजपा की 'काम लो, चंदा दो' नीति और ईडी-आयकर छापों के जरिए वसूली की राजनीति का विरोध करती रही है।पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि यदि सरकार में साहस है तो उसे अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की जांच करानी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले नौ वर्षों में मिड डे मील, सड़क निर्माण, अस्पतालों की दवाइयों और मनरेगा समेत कई योजनाओं में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है।उन्होंने कहा कि अयोध्या में विकास के नाम पर भी भारी धन उगाही हुई है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के सिपाही हैं और सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता व सुचिता बनाए रखने में विश्वास रखते हैं।उन्होंने मांग की कि भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## सुनगढ़ी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर,03 अभियुक्तगण को घटना में प्रयुक्त कार सहित किया गिरफ्तार



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीड़ित विमल पाथरे पुत्र राम निवासी नौगवा पकड़िया थाना सुनगढ़ी पीलीभीत के वाडे से दिनांक 07.मई .2026 को अज्ञात चोरों द्वारा सात पालतु पशु चोरी कर लिये गये है।

पीड़ित की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बहीं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 29.मई .2026 को थाना सुनगढ़ी पुलिस टीम द्वारा थाना सुनगढ़ी पर पंजीकृत मुकदमे में प्रकाश में आये अभियुक्तगण सौरभ पुत्र रामदेव निवासी रत्नापुर थाना निगौहा जनपद लखनऊ उम्र 22 वर्ष और अक्षय लाल पुत्र राजेन्द्र रावत निवासी हरकंशगढ़ी थाना मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ उम्र 30 वर्ष तथा शुभम रावत पुत्र धनीराम रावत निवासी तिलकनगर ऐशबाग थाना बाजार खाला जनपद लखनऊ उम्र 22 वर्ष को मुखविर खास की सूचना पर पीलीभीत वाईपास माधोटाण्डा चौराहा पर 10600 रुपये नगद घटना में प्रयुक्त एक मारुति कार संख्या UP 32 ZN 9547 तथा जामा तलाशी से दो मोबाइल (स्मार्ट फोन) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणो को मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# शिशु विहार इंटर कॉलेज में समर कैंप का भव्य समापन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लुकमान खान





**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत बीसलपुर स्थित शिशु विहार इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का समापन प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार सक्सेना के कुशल निर्देशन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। वहीं बच्चों ने रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए वेस्ट मटेरियल से आकर्षक आभूषण और सुंदर पेंटिंग्स तैयार कीं, जिसकी सभी ने सराहना की। समर कैंप में बच्चों ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन करते हुए योग के महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता दिखाई गई और पूरे आयोजन में 'नो प्लास्टिक' अभियान का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम में प्राकृतिक वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता दी गई। अतिथियों एवं बच्चों को नाश्ता प्लास्टिक की बजाय दोने-पत्तल की पर्यावरण अनुकूल कटोरियों में कराया गया। विद्यालय परिवार ने प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग भी उठाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीओम गुप्ता, प्रबंधक संजीव मोचन गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य प्रभात कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम में आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित लोगों को भी हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंत में समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अंत में सभी ने नाश्ता किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एंटी करप्शन की टीम ने 24 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार,बाबू जीएसटी विभाग में था तैनात



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के स्थित जीएसटी विभाग में तैनात बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने 24 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया ।जिससे विभाग में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार हापुड़ स्थित जीएसटी आफिस में तैनात एक बाबू जयदीप एक मामले को निपटाने के लिए व्यापारी से रिश्वत मांग रहा था और ना देने पर परेशान करने की धमकी दे रहा है।पीड़ित व्यापारी ने परेशान होकर मेरठ स्थित एंटी करप्शन डिपार्टमेंट में शिकायत की थी,जिस पर योजना बनाकर शुक्रवार को टीम ने व्यापारी को 24 हजार रुपए लेकर बाबू के पास भेजा और उसे रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।जिससे विभाग में हड़कंप मच गया।

# गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा जनसमस्याओं एवं किसान हितों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जनहित एवं किसान हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बैंक ऋण से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों एवं आवेदकों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न दी जाए तथा ऋण प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मंडी समिति परिसर में घूम रहे आवारा पशुओं के संबंध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी पशुओं को तत्काल प्रभाव से गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

फल एवं सब्जी मंडी में किसानों से पांच प्रतिशत शुल्क वसूलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों का किसी भी स्तर पर शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंडी में नीलामी चबूतरों पर व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि मंडी व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके अतिरिक्त गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित में लिए गए सभी निर्णयों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, एलडीएम, भारतीय किसान यूनियन (भानु)/पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाली मस्जिदों एवं ईदगाहों पर उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। नमाज के दौरान पुलिस बल लगातार सक्रिय रहा तथा आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया गया। अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन की सतर्कता एवं सहयोग से ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए त्योहार को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया।

# व्यापार बंधुओ की बैठक में व्यापारियों ने की मल्टीलेवल पार्किंग,आवारा पशुओं,कुत्तों व बंदरों सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की कलेक्ट्रेट में व्यापार बंधु की बैठक डीएम कविता मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान व्यापारियों ने शहर की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष अरूण अग्रवाल व सचिन जिंदल ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए शहर में ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किया जाएं और ट्रैफिक लाईटें चालू की जाएं और गौशाला में नाली का निर्माण किया जाएं। लम्बे रूटों पर चलने वाली रोडवेज बसों को शहर से निकाली जाएं।संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने नगर पालिका और वन विभाग से बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़कर हॉल्ट सेंटर में छोड़ने तथा शहर में मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था करने की भी मांग रखा और गढ़ रोड पर निमार्णाधीन नाले का कार्य भी जल्द पूरा कराने की मांग की। महामंत्री संजय अग्रवाल ने शहर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने और मेरठ रोड रेलवे अंडरपास की नियमित साफ-सफाई कराने की मांग उठाई। जितेंद्र गोयल ने ब्रजघाट में अवैध पार्किंग शुल्क वसूले जाने का विरोध दर्ज कराया।

इसके अतिरिक्त, अन्य व्यापारियों ने पिलखुवा बस स्टैंड की समस्याओं, नालों की सफाई और ट्रैफिक लाइट जैसी अन्य मुद्दों को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। बैठक में सीडीओ श्रुति शर्मा, सुरक्षा फोरम जिलाध्यक्ष अरूण गर्ग चीनीवाले, दीपक गोयल ,सचिन जिंदल, विनोद अग्रवाल,मनीष सिंघल,अनुज ,राकेश अग्रवाल , राजेंद्र आड़वाले ,शरद गर्ग, गौरव गोयल ,प्रदीप ,सुमित सिंघल,पुनीत सर्राफ, विकास अग्रवाल,योगेंद्र अग्रवाल ,विकास गर्ग आदि मौजूद थे।

# ईदुल अजहा में बड़े तेजी के साथ पूरनपुर देहात में चला सफाई अभियान, ग्रामीणों ने की प्रसंशा

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पूरनपुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात मे ईदुल अजहा में बड़े तेजी के साथ ग्राम पंचायत के सभी बार्डो में विशेष सफाई अभियान चल रहा है। प्रधान पति मास्टर फैय्याज प्रधान प्रतिनिधि बब्लू भाई और सभी सदस्यों के नेतृत्व में नालियों की साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है।सफाईअभियान के तहत वार्ड की नालियों में जमा गंदगी और मिट्टी को बाहर निकलवाकर उनकी पूरी तरह सफाई कराई जा रही है, जिससे पानी की निकासी सुचारु रूप से बनी रहे और लोगों को गंदगी से राहत मिल सके मजदूरों और सफाई कर्मियों द्वारा लगातार वार्डों में साफ सफाई का काम किया जा रहा है, जिससे गांव का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। प्रधान प्रतिनिधि बब्लू भाई ने बताया कि ईदुल अजहा का पर्व चल रहा है और त्योहार को देखते हुए पूरे गांव में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में भी इसी तरह नालियों की साफ सफाई जारी रहेगी , ताकि कहीं भी जलभराव या गंदगी की समस्या न रहे और ग्रामीण स्वच्छ वातावरण में त्योहार मना सकें। माहे रमजान और ईदुल अजहा को लेकर इस सरहानीय कार्य की ग्राम वासियों ने प्रधान पति मास्टर फैय्याज प्रधान प्रतिनिधि बब्लू भाई और वार्ड मेंबरों की जनता सराहना कर रही है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संगठन व जनप्रतिनिधियों संग की अहम बैठकें

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने महापौर, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत अध्यक्षों, उपाध्यक्षों तथा ब्लॉक प्रमुखों के साथ आयोजित महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनकेंद्रित बनाने के साथ ही प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, स्वरोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों से जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने, समस्याओं के त्वरित समाधान तथा संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास की गति को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया।




इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष जी के अलावा प्रदेश भाजपा के पदाधिकारीगण एवं विभिन्न जनपदों से आए जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर जौर

उन्होंने प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं जिलाध्यक्षों के साथ आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसरोकारों से जोड़ने का मंत्र दिया। उनके मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी निर्णयों को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व और संगठन के समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम व समर्पण के बल पर भाजपा 2027 में ऐतिहासिक विजय दर्ज करेगी।

## सांसदगणों एवं विधायकगणों के साथ की चर्चा

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसदगणों एवं विधायकगणों के साथ भी बैठक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी निर्णयों, विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का स्पष्ट विजन साझा किया। बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, जन अपेक्षाओं की पूर्ति तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के विषय में भी विस्तृत चर्चा हुई।

नितिन नवीन एवं राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष ने अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी जी के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धेय खंडूरी जी ने संगठन की विचारधारा और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को सदैव अपने जीवन में आत्मसात किया। उनका अनुशासित नेतृत्व, कार्यकताओं के प्रति आत्मीयता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण संगठन के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# राधा वैली के सामने अनियंत्रित ट्रक पुल के नीचे जा गिरा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** राधा वैली के सामने गुरु कृपा वाटिका के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब चीनी से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। बताया जा रहा है कि ट्रक तेज रफ्तार में था, तभी चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक सीधे पुल के नीचे जा गिरा।

हादसा इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# तीन साल से खंडहर पड़ा जाटव समाज का पंचायती घर, जहरीले सांपों से ग्रामीणों में दहशत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** ग्राम पंचायत सकरवा में जाटव समाज का पंचायती घर पिछले तीन वर्षों से खंडहर अवस्था में पड़ा हुआ है। भवन जर्जर होने के कारण यहां सांप और अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़े पनपने लगे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान और अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार करीब छह माह पहले इसी खंडहर भवन के पास एक जहरीले सांप ने 10 वर्षीय बच्चे को काट लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद भी प्रशासन और ग्राम पंचायत द्वारा भवन की मरम्मत या साफ-सफाई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की



मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। राजकुमार मेम्बर ने बताया कि 'पंचायती घर की हालत बेहद खराब है। कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां आए दिन जहरीले सांप निकलते रहते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बना हुआ है। वहीं स्थानीय बुजुर्ग मक्खन लाल ने कहा कि यह भवन पूरी तरह खंडहर बन चुका है। आसपास रहने वाले लोग डर के साये में जी रहे हैं। प्रशासन को जल्द इसकी मरम्मत करानी चाहिए, ताकि कोई और हादसा न हो। ग्राम पंचायत सचिव नीतू सिंह ने बताया कि पंचायत भवन का बजट बड़ा है। इसका स्टीमेट तैयार करवा दिया गया है। प्रधान से बात कर जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।' इस दौरान राजकुमार मेम्बर, मदन लाल, विजय कुमार, मक्खन लाल, ज्ञान सिंह, रामू, महेंद्र सिंह, खेमचंद, हीरा सिंह, पीतम सिंह और ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# रिफाइनरी क्षेत्र में शराबी-गंजेड़ियों का आतंक

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** रिफाइनरी क्षेत्र में अराजक तत्वों और शराबी–गंजेड़ियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला रिफाइनरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध आउटलेट 'मैकडोनाल्ड' से सामने आया है, जहाँ शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने मामूली बात पर जमकर उत्पात मचाया। इस पूरी घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। वायरल वीडियो के मुताबिक, यह घटना दो दिन पुरानी रात की बताई जा रही है। मैकडोनाल्ड आउटलेट पर कुछ युवक आए थे। बिल भुगतान के समय यूपीआई का सर्वर डाउन होने के कारण ऑनलाइन पेमेंट नहीं हो सका, जिसकी वजह से ऑर्डर नहीं लिया गया। इसी बात से नाराज होकर क्षेत्र के ही कुछ शराबी और नशेड़ी युवकों ने स्टाफ से बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि नशेड़ियों ने मैकडोनाल्ड के मैनेजर और स्टाफ की कॉलर पकड़ ली और उनके साथ जमकर गाली–गलौज व अभद्रता की। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्रीय जनता में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि रिफाइनरी जैसे व्यस्त और महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस तरह के उपद्रवियों का खुला घूमना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान लगाता है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, 'अगर ऐसे गुंडागर्दी करने वाले तत्वों के खिलाफ समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र में अपराधियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे, जिससे आम जनमानस और व्यापारियों का रहना मुश्किल हो जाएगा।' नवागत रिफाइनरी थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, और न ही अभी तक मैकडोनाल्ड स्टाफ या प्रबंधन की तरफ से पुलिस को कोई लिखित शिकायत (तहरीर) नहीं दी गई है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था को किसी भी स्थिति में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा, जैसे ही मैकडोनाल्ड स्टाफ की तरफ से कोई तहरीर मिलती है, तो मैकडोनाल्ड के सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य सचिव ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के साथ समीक्षा बैठक की

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में प्रदेश में खाद्यान्न एवं दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आयुक्त खाद्य बी.एल. राणा से प्रदेश में दैनिक आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं कीमतों की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने प्रदेश में आमजन की रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की उचित दरों पर निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को लगातार एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार में खाद्य सामग्री, डीजल-पेट्रोल, एलपीजी एवं अन्य आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता एवं मूल्य स्थिति की सतत निगरानी की जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का



सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाए जाएं तथा बाजारों, गोदामों एवं थोक विक्रेताओं की नियमित जांच की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को राहत प्रदान करने एवं बाजार व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी जनपदों विशेषकर चारधाम यात्रा से सम्बन्धित जनपदों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं मूल्य नियंत्रण की स्थिति पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चीफ मार्केटिंग ऑफिसर डॉ. एम.एस. विसेन, रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर सी.एम. घिल्डियाल एवं उपायुक्त सुश्री निधि रावत भी उपस्थित थे।

# आचार्य रमाकांत गोस्वामी को राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा ने व्यास पीठ पर सम्मानित




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीमद्भागवत आचार्य रमाकांत गोस्वामी के द्वारा अग्र वाटिका, मसानी लिंक रोड पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान परशुराम शोभा यात्रा रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा एडवोकेट ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य रमाकांत गोस्वामी को समिति की ओर से सम्मानित किया।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि हमारी समिति हमेशा ऐसे लोगों को सम्मानित करती रही है, जो समाज और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज सनातन धर्म के लिए सराहनीय कार्य करने वाले भागवत आचार्य रमाकांत गोस्वामी को सम्मानित किया गया। व्यास पीठ से भागवत आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने समाज के लिए सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ बंसीलाल शर्मा, राजा दीक्षित, विनोद दीक्षित,के.के. शर्मा, स्वास्तिक शर्मा, ललित स्वामी, अजय शर्मा , आशीष शर्मा, हरीश शर्मा, पं कुंजी शर्मा, विनोद लाले, सुभाष तिवारी, सुनील शर्मा को फूल माला व दुपट्टा पहन कर सम्किमानित किया।

# क्षेत्र की जनता का प्यार ही मेरी असली ताकत: नीरजा शर्मा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा क्षेत्र के फरासपुरा गांव में बीते दिन शाम को भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने शिरकत की और सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा को स्थानीय कार्यकताओं ने बड़ी माला पहनाकर व साफा भेंट कर की गई जिसमें मुख्य रूप से पंकज शर्मा,राजा भैया,जयवीर पोसवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर,मुकेश हनुमान पुरा,नवल लोधा, पूर्व जिला प्रमुख केदार पोसवाल, रामवती जाटव आदि मंचासीन रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री शर्मा ने कहा कि आज दिन बड़ा बेहद है और मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला है, मैं बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रही हूं कि मेरे परिवार के सैकड़ों लोग यहां मौजूद हैं आपका प्यार प्रेम स्नेह ही मेरी



असली ताकत है और आपकी ताकत से ही मैं हरसंभव आपकी मदद के लिए क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हूं, मेरा सपना है विकसित राजाखेड़ा और उस सपने में हम सभी की भागीदारी ही इस मिशन को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी क्षेत्र में जनता का उत्साह बता रहा है कि अब यहां अंग्रेजों का शासन सूली चढ़ चुका है और धीरे धीरे राम राज के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं, शर्मा ने अपने संबोधन में जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरे कार्यकर्ता का जहां पसीना गिरेगा मेरा वहां लहू बहेगा, मेरे दरवाजे क्षेत्र की जनता के लिए सदैव खुले हैं। कार्यक्रम को पूर्व जिला प्रमुख केदार पोसवाल, जयवीर पोशवाल, राजा भैया, नवल लोधा, रामवती जाटव,लक्ष्मण सिंह तोमर,रामभरोसी जाटव,हम सिंह लोधा,मुकेश बघेल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और भाजपा के सुशासन को लेकर अपने अपने विचार रखे।

## कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शर्मा का मनाया जन्मदिन

वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा का जन्मदिन भी कार्यकताओं द्वारा बड़ी धूम धाम व आतिशबाजी के साथ केक काटकर मनाया स्थानीय युवा प्रवीण शर्मा, राजू तिवारी, रोहित, बिन्तेश, अनिल,छोटू तोमर,रिंकू तोमर एवं मुरारी सहित अन्य ने नीरजा शर्मा के जन्मदिन पर केक काटा एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत सम्मान किया इसके साथ ही अन्य कार्यकताओं ने भी शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सेवा के आशीर्वचन प्रदान किए।

समारोह में क्षेत्र के गिर्राज सिंह मास्टर, मिथल शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, उदय सिंह निषाद, देवेंद्र मुद्गल, पप्पू तोमर, मुकेश बघेल, कपूरचन्द प्रजापति, बनवारी सिसोदिया, माताप्रसाद दिवाकर,महेंद्र सिंह कंसाना, बंटी सरपंच, राजकुमार सोनी, अशरफी, दुर्गेश ठाकुर, लटूर चंद त्यागी, हेमंत सिसोदिया, सत्यम गुप्ता,जयवीर सिंह, रामावतार त्यागी, रामकिशोर शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 52 गांवों का विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/छाता।** नगर के प्राचीन गंगा मंदिर पर अधिक मास के उपलक्ष्य में हुई भागवत कथा के समापन पर विशाल 42 मंडल संतो के एवं 52 गांवों के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लाडली दास महाराज कठिया बाबा को चद्दर उड़ाकर संतों के द्वारा महंताई प्रदान की गई। सभी संतो को अंगवस्त्र फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक मास के पावन अवसर पर ऐसा दिव्य आयोजन जिसमें 42 मंडलों के संत एवं 52 गांवों की सरदारी ने ढोल नगाड़ों से नाचते झूमते कार्यकम स्थल पर भोजन प्रसाद पाया। जिसमें जगतगुरू नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्ष्ण दास जी महाराज, सुदामा कुटी वृन्दावन प्रेम दास जी महाराज, कोकिलावन धाम श्याम दास जी महाराज, अशोक दास जी, चौधरी नरदेव सिंह, पूर्व मंत्री तेजपाल सिंह, वीरी सिंह, कान्हा सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि विष्णु जादौन, मुकेश जादौन, नरेंद्र वार्ष्णेय, मुकेश जादौन, देशराज सिंह, बॉबी प्रधान, चेला ठाकुर, बंटी पहलवान, सुनील पहलवान, भोला ठाकुर, पप्पू मुखिया, सुशील भारद्वाज एडवोकेट मंच संचालन धर्मंदर आर्य ने किया।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग ने नौतपा में की जलसेवा




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**धौलपुर राजाखेड़ा।** भीषण गर्मी एवं नौतपा के चलते जहाँ तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग राजाखेड़ा द्वारा आमजन को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से सराहनीय पहल करते हुए ठंडे मीठे शर्बत का प्याऊ लगाकर जल सेवा की गई। विभाग की ओर से यह सेवा पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास आयोजित की गई,जहाँ दिनभर सैकड़ों राहगीरों,बाइक सवारों एवं स्थानीय लोगों ने शर्बत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। गर्मी के इस कठिन दौर में विभाग की इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।राहगीरों ने कहा कि तेज धूप और लू के बीच इस प्रकार की जल सेवा लोगों को राहत प्रदान करती है।विभाग के कर्मचारियों ने भी पूरे उत्साह एवं सेवा भाव के साथ लोगों को शर्बत वितरित किया। इस अवसर पर विभाग से उमेश शर्मा,राकेश लहचोरिया,तपेंद्र, करणपाल,पंकज सहित अन्य कर्मचारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।सभी ने मिलकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई तथा लोगों को गर्मी से बचाव हेतु अधिक पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह भी दी।

# गोवर्धन में अधिक मास मेले में अव्यवस्थाओं का ढेर बिजली व्यवस्था भी फेल

**मनोज शर्मा**

**मथुरा/गोवर्धन(वेलकम इंडिया)।** वैसे तो 84 कोस क्या पूरे भारत में विकास की वर्षा हो रही है, पर फिर भी बृजवासियों के लिए विकास त्यौहार की तरह आता है। इस साल अधिक मास आया है, तो अत्यधिक विकास की बयार चल रही है। दिन में इतनी बार बिजली आती है कि बृजवासियों समेत पूरे प्रदेशवासी बिजली के बार बार आने से दिन में सैकड़ों बार प्रफुल्लित हो उठते हैं। ऐसी गर्मी में इन मुरझाए हुए चेहरों पर मुस्कान लाने का काम बिजली विभाग कर रहा है, बल्ब-पंखे, कूलर एसी आदि पर भी ज्यादा लोड न पड़े इसलिए विभाग न्यूनतम वोल्टेज देकर इनकी रफ़्तार को कम कर रहा है। अधिक मास में, गोवर्धन मथुरा वृंदावन आदि सभी तीर्थों में श्रद्धालुओं का मेला लगा हुआ है इसलिए प्रशासन द्वारा उनकी सहूलियत के लिए नई सड़कें बनाने का भी कार्य शीघ्र ही पूरा किया है, गोवर्धन में बस स्टैंड से राधा कुंड की सड़क को ताजा काले तेल से बनाकर परिक्रमार्थियों के लिए तैयार किया है और सड़क की स्थिति देखकर लग रहा है अगले अधिक मास मेला आने से पहले सड़क 2-3 बार बन जाएगी। इसी तरह सफाई कार्य भी चल रहा है, सड़कों को ठंडा करने के लिए उसपर नाली-नालों से कीचड़ निकाल कर डाली जा रही है जिससे दण्डौती और परिक्रमा वालों को ठंडी ठंडी सड़क चलने को मिल जाए। इस तरह की व्यवस्था चहुँ ओर की जा रही है जिससे श्रद्धालुओं के लिए परिक्रमा की डगर और भी चुनौतियों से भर गई है। कुछ ही दिन बाद गुरु पूर्णिमा (मुड़िया मेला) का कार्य भी शुरू हो जाएगा तब बृजवासी बिजली बचाने की मुहिम में अपना योगदान देंगे। लगभग एक महीने तक गोवर्धन में बिजली के तार बदले जाएंगे और लोगों के पसीने छूटेंगे। इसी तरह हर वर्ष की तरह गोवर्धन वासियों की गर्मी का मौसम निकल जाएगा।

# हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुनना सुनिश्चित करे: राजवीर सिंह राजावत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला भाजपा कार्यालय पर 31 मई को होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि मन की बात पार्टी का अहम कार्यक्रम है इस कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री जनता से संवाद करते हैं, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसमें वे देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करते हैं। यह कार्यक्रम महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर। साथ ही AIR न्यूज, DD न्यूज, PMO और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर लाइव प्रसारित होता है, कार्यकर्ता सुनिश्चित करें यह हर बूथ स्तर तक सुना जाना चाहिए और सरल ऐप पर आवश्यक रूप से



अपलोड करें, साथ ही बंदे गंगाजल जल संरक्षण जन अभियान की जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय टोली की भी घोषणा हुई जिसमें प्रदेश द्वारा जिला समन्वयक श्रवण कुमार वर्मा एवं जिला संजोयक नंदकिशोर शुक्ला, जिला सह संयोजक कमल पहाड़िया, ऋतिक वर्मा एवं कल्पना शर्मा को बनाया है बसेड़ी विधानसभा संयोजक बृजराज सिंह परमार सह संजोयक सत्यपाल खिरोडा, बाड़ी विधानसभा संजोयक धीर सिंह जादौन एवं सह संजोयक दीप सिंह कुशवाहा धौलपुर विधानसभा संजोयक बाचा राम बघेल एवं सह संजोयक हरेंद्र राव रजाखेडा विधानसभा जयबीर पोसवाल एवं सह संजोयक दिलीप पाराशर को बनाया गया है। बैठक में जिला मंत्री विजय त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, मुकेश सक्सेना भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी, महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा, पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, पूर्व जिला मंत्री विनय परमार, शहर मंडल प्रभारी बाचाराम बघेल, सोशल मीडिया संजोयक रितिक बर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयवीर पोसवालआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माँ शाकंभरी देवी क्षेत्र में हुई घटना के संबंध में प्रशासन की अपील एवं जानकारी

## जिलाधिकारी पुरे सरकारी अमले के साथ मौके पर रहे मौजूद

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी बेहट तथा अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना मिजार्पुर क्षेत्र स्थित माँ शाकंभरी देवी मंदिर के निकट अचानक आए तेज जलप्रवाह से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। जनपद प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा माँ शाकंभरी देवी क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 28/29.05.2026 की रात्रि को लगभग 12:00 बजे से 2:00 बजे के मध्य अचानक तेज जलप्रवाह आने की घटना में दो महिलाओं के बह जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस एंव प्रशासन की टीमों द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित करते हुए दोनों महिलाओं के शव बरामद कर लिए गए हैं तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन पूर्व से ही पूर्ण सतर्कता के साथ क्षेत्र में तैनात था। लगातार सार्वजनिक उद्घोषणाओं (PA System) के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को सचेत किया जा रहा था तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों एवं धर्मशालाओं में स्थानांतरित किया गया था। एक महिला देर रात्रि किसी कारणवश धर्मशाला से बाहर निकल गईं और अचानक आए पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गईं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी दुःखद मृत्यु हो गई।

वर्तमान में मौसम विभाग एवं डिजास्टर मैनेजमेंट टीम से सतत समन्वय स्थापित किया गया है। संभावित मौसम अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक एहतियाती एवं प्रिवेंटिव कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन एंव पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी प्रकार की जनहानि को रोकना है ! आगामी वीकेंड तथा संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संयुक्त ड्यूटियां तथा निर्धारित रडढ के अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है ! अन्य जनपदों एवं राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं तक भी आवश्यक सूचनाएं पहुंचाई जा रही हैं।

विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार दिशा-निर्देश प्रसारित किए जा रहे हैं तथा श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करने की अपील की जा रही है ! जिला प्रशासन सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील करता है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें।

# मन की बात को ऐतिहासिक बनाने में जुटे भाजपाई,बैठक कर बनाई रणनीति

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मीकांत जैन ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री अशोक चौहान ने किया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी शक्ति सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 31 मई को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता गांव और मोहल्लों में लोगों को जोड़ें,




ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंच सके। मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मीकांत जैन ने बताया कि भाजपा की ओर से 5 जून से 21 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभियान की शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी, जबकि समापन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रहित के उद्देश्य से कार्य करने वाला दल है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनें और उसकी रिपोर्ट सरल ऐप पर अपलोड करें।बैठक में दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, विनीत शर्मा, अनिल बोहरा, देवीचंद, सोनू चौहान, घनश्याम सैनी, राजवीर सिंह, जल सिंह, शुभम सैनी, रोहित चौहान, अंकित सैनी और संजय तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खर्च के रुपये मांगने पर पति ने पत्नी को पीटा, थाने में शिकायत

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने पति पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि उसका पति घर खर्च के लिए रुपये नहीं देता और परिवार की जिम्मेदारियों से भी दूरी बनाए हुए है।पीड़िता के अनुसार, जब वह घरेलू खर्च के लिए पैसे मांगती है तो आरोपी उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज और मारपीट करता है। आरोप है कि हाल ही में हुए विवाद के दौरान पति ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद महिला ने थाने



पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों व धारदार हथियार चले





मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को देखते हुए हल्का बल प्रयोग किया,और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगो को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला खेल निवासी इकबाल और अय्यूब पक्ष के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। बताया गया कि अय्यूब पक्ष के लोग मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संघर्ष के दौरान लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियार भी चले, जिससे कई लोग घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने एक पक्ष से घायल फुरकान तथा दूसरे पक्ष से अय्यूब को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है कि मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचे दोनों पक्ष वहां भी पुलिस की मौजूदगी में भिड़ गए। इस दौरान हुए हंगामे का वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर लिया, पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लिया है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मिलिंद चौधरी को रुड़की महानगर अध्यक्ष उत्तराखंड क्रांति दल की मिली जिम्मेदारी



राजीव चौधरी

**रुड़की(वेलकम इंडिया)।** रुड़की उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने महानगर रुड़की में युवा संगठन को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियों की घोषणा की। पार्टी नेतृत्व ने मिलिंद चौधरी को महानगर रुड़की युवा मोर्चा अध्यक्ष और भाजपा छोड़कर यूकेडी में शामिल हुए युवा नेता गौरव अग्रवाल को युवा मोर्चा महानगर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों युवा नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ सुभाष नगर स्थित एक आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नई जिम्मेदारियां ग्रहण कीं। कार्यक्रम का नेतृत्व मास्टर दीपक लाखवान ने किया। मिलिंद चौधरी ने कहा मे ईमानदारी व सच्ची निष्ठा के साथ काम करूंगा इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय सचिव एडवोकेट महक सिंह ने शुभकामनाएं दीं। वहीं केंद्रीय संगठन मंत्री शिवकुमार सैनी, जिला महामंत्री आनंद राज, जिला प्रवक्ता विमल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आनंद चौधरी, धर्मेंद्र शर्मा, ब्रह्म सिंह धीमान, मौर्य अंकित चरण और जिला कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# सहारनपुर में दिनदहाड़े मुठभेड़: एक बदमाश ढेर, थाना प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मी घायल







राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जिले में शुक्रवार को पुलिस और बदमाशों के बीच दिनदहाड़े हुई एक भीषण मुठभेड़ में शातिर अपराधी एहसान को ढेर कर दिया गया है, जबकि उसका एक साथी मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा।

यह सनसनीखेज वारदात थाना सरसावा क्षेत्र के अंतर्गत पिलखनी और डूमवाला गांव के बीच की है, जहां पुलिस को खुफिया तंत्र से सटीक इनपुट मिला था कि कुछ शातिर बदमाश इलाके में किसी बड़ी और जघन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं।

इस गोपनीय सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीमों ने तत्काल संयुक्त चेकिंग अभियान शुरू कर7 संदिग्धों की घेराबंदी तेज कर दी। इसी दौरान जब मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने खुद को पुलिस से घिरा हुआ पाया, तो उन्होंने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दी।

पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों ओर से हुई कई राउंड की इस क्रॉस-फायरिंग में शातिर बदमाश एहसान (पुत्र रियासत, निवासी ग्राम कपूरी, थाना नकुड़) के सीने और पैर में गंभीर गोलियां लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस दुस्साहसिक मुठभेड़ में बदमाशों की गोलियों का डटकर मुकाबला करते हुए थाना प्रभारी (SO) प्रवेश शर्मा के बाएं हाथ में दो गोलियां लगी हैं, जबकि उनके साथ मोर्चे पर तैनात हेड कांस्टेबल सोनू भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जख्मी और जांबाज पुलिसकर्मियों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां फिलहाल डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई है।

मुठभेड़ की इस बड़ी वारदात के बाद पुलिस के उच्चाधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर बारीकी से मुआयना किया और फॉरेंसिक जांच टीम को भी साक्ष्य जुटाने के लिए तैनात किया। मारा गया बदमाश इलाके का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है, वहीं उसके भागे हुए साथी की सरगर्मी से तलाश करने के लिए पुलिस की कई टीमें आसपास के जंगलों और संभावित ठिकानों पर लगातार सघन कॉम्बिंग और तलाशी अभियान चला रही हैं ताकि उसे जल्द से जल्द दबोचा जा सके।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दिया तीन तलाक, ऑडियो क्लिप सौंपी



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन महिला पुरुषों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने व जैठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर और तीन तलाक की ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने विवाहिता महिला को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला नई बस्ती, सलेमपुर रोड निवासी शाहीन ने बताया कि उसका निकाह चार वर्ष पूर्व कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी मोहसिन के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पीड़िता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़िता का कहना है कि अतिरिक्त दहेज मे पति ने दो लाख रुपये वह बाइक की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया था।आरोप है कि पारिवारिक विवाद के दौरान पति मोहसिन ने उसे तीन तलाक दे दिया। महिला का आरोप है की उसने पति द्वारा दी गई तीन तलाक देते हुए अपने मोबाइल फोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग कर ली, जिसे उसने पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा है।पीड़िता ने जेठ पर छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। महिला ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पति मोहसिन, ससुर शमशाद, जेठ इमरान व शहजाद, जेठानी नाजरीन व शबाना तथा ननद मेहराज, रिहाना और रानी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का श्वास न देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देवबंद पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर/देवबंद(वेलकम इंडिया)।** थाना देवबंद पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने के प्रयास, कपड़े फाड़ने तथा विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 28 मई 2026 को पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना देवबंद में मुकदमा संख्या 378/26 दर्ज किया गया था। आरोप है कि परवेज पुत्र मुस्तकीम और सावेज पुत्र नसीम, निवासी ग्राम साधारणपुर, थाना देवबंद ने नाबालिग का पीछा किया, उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपियों ने मारपीट और धमकी भी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी देवबंद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कपिल देव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को यूपी बॉर्डर गेट के पास रजवाहे की पुलिया चौराहे, रुड़की रोड देवबंद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार आरोपी

परवेज पुत्र मुस्तकीम, निवासी ग्राम साधारणपुर, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर। सावेज पुत्र नसीम, निवासी ग्राम साधारणपुर, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम, उपनिरीक्षक रविन्द्र नागर, थाना देवबंद। आरक्षी अनुज कुमार, थाना देवबंद।

# स्वच्छता के मार्ग से ही विकसित पंचायत का लक्ष्य संभव:डीपीआरओ

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जिला पंचायत राज्य अधिकारी एवं सचिव जिला स्वच्छता समिति श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी ने विकास भवन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत एक दिवसीय सामुदायिक शौचालय महिला केयरटेकर की अभिमुखीकरण संगोष्ठी में कहा कि स्वच्छता के मार्ग से ही विकसित पंचायत का लक्ष्य संभव है। प्रदीप कुमार द्विवेदी ने खुले में शौच मुक्त समाज के स्थायित्व के लिए स्वच्छता के महत्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए इस बात के लिए सामुदायिक शौचालय की महिला केयर टेकर की प्रशंसा किया कि समाज का सबसे महत्वपूर्ण कार्य स्वच्छता का





कार्य है। उन्होनें बड़े भावनात्मक तरीके से प्रेरित किया कि स्वच्छता को अपनाकर भारतवर्ष में लगभग 3 से 5 करोड लोगों को गरीबी रेखा में जाने से प्रतिवर्ष रोका जा सकता है, जिसे आप सब कर रहे हैं।

सचिव जिला स्वच्छता समिति ने महिला केयर टेकरो कि आय वृद्धि के लिए लो कॉस्ट सेनेटरी नैपकिन पैड उत्पादन एवं विपणन सामुदायिक शौचालय महिला केयरटेकर के माध्यम से कराए जाने की जानकारी देते हुए यह उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्वच्छता से स्वरोजगार, स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों को चलाकर जनसाधारण के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सामुदायिक शौचालय कि महिला केयरटेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सामुदायिक शौचायलयों को समय से खोलना, उसकी स्वच्छता पर ध्यान देने तथा व्यवस्थित रूप से सामुदायिक शौचालय के संचालन हेतु अभिप्रेरित करते हुए किसी भी स्तर पर आ रही कठिनाई का निदान करने हेतु निरंतर संवाद बनाए रखने का भी सुझाव दिया। उन्होने मुख्यमंत्री जी द्वारा जन सरोकार के स्वच्छता कार्यक्रम को जन-जन स्वच्छता की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिला सहभागिता को बढ़ाने तथा दैनिक रूप से सामुदायिक शौचालयों पर उपयोग करने वाले लाभार्थी परिवारों का विवरण भी सुरक्षित रखने का सुझाव दिया। इससे पूर्व पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला स्वच्छता सलाहकार द्वारा सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता एवं लो कॉस्ट सेनेटरी नैपकिन उत्पादन एवं विपणन के संबंध में विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण करते हुए सामूहिक रूप से सुझाव प्राप्त कर चर्चा की गई।

29 मई से 11 जून तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज विकासखंड बलिया खेड़ी एवं रामपुर मनिहारान के सामुदायिक शौचालय महिला केयर टेकरो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला स्वच्छता सलाहकार देव भास्कर पाण्डेय संदीप कुमार, आशीष सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलिया खेड़ी पंकज सैनी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामपुर मनिहारान कंवरपाल उपस्थित रहे ।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ से हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने आहुति देकर देश की खुशहाली, किसानों की उन्नति तथा समाज में शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन, उनके सिद्धांतों और किसानों के हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसान, गरीब और मजदूर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया



तथा उनके अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी नीतियां और विचार आज भी किसान समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हवन यज्ञ के समापन के बाद लोगों को प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, विजेंद्र प्रधान, विनोद पंवार, सुनील पंवार, कपिल पंवार, राजवीर, रूपेश सहित बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल

## दो दिन पहले घर से निकल गए थे, लड़की के भाई ने अपहरण का केस कराया था दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता







**डिबाई/बुलंदशहर।** लड़का और लड़की के शव पेड़ पर एक साथ एक ही फंदे से लटके मिले हैं। लड़की नाबालिग है और हाईस्कूल में पढ़ाई कर रही थी। दोनों 27 मई से अपने घरों से लापता हो गए थे तभी से घर वाले उनकी तलाश कर रहे थे। लड़की के भाई ने लड़के के खिलाफ बहलाकर ले जाने की शिकायत की थी। जिस पर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाया और घर वालों को जानकारी दी। मामला जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर डिबाई थाना क्षेत्र का है। गंगापुर गांव के रहने वाले रोहित कुमार एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। बेटी नंदनी (15) हाईस्कूल में पढ़ाई कर रही थी। घर से 100 मीटर की दूरी पर ही गगन लोधी (21) का परिवार रहता है। गगन के पिता वीर सिंह की मौत हो चुकी है। चार भाई और दो बहनों में गगन सबसे छोटा था। पांच भाई-बहनों की शादी हो चुकी है। गगन खेती किसानी का काम कर लेता था। पिछले कुछ समय से गगन और नंदनी का अफेयर चल रहा था। लेकिन घर वालों को इसकी जानकारी नहीं थी।

दो दिन पहले अचानक गगन और नंदनी अपने-अपने घरों से लापता हो गए थे। लड़की के भाई कपिल कुमार ने डिबाई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गगन उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया है। डिबाई थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था और उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह मामले की जांच कर रहे थे। शुक्रवार सुबह को नरौरा थाना क्षेत्र के पिलखना गांव की सीमा में नहर बंबा के पास पेड़ से लटके दो शव दिखे। गांव वालों ने शव देखे तो पुलिस को मामले की जानकारी दी। नरौरा थाना प्रभारी भुवनेश कुमार सिंह, सीओ मधुप कुमार सिंह, डिबाई कोतवाली प्रभारी विशाल प्रताप सिंह चौहान, रामघाट चौकी प्रभारी देवेंद्र शुक्ला और राजघाट चौकी प्रभारी उमाशंकर भारद्वाज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में दोनों के शवों को नीचे उतरवाया गया और घर वालों को मामले की जानकारी दी गई। लड़के की तरफ से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। जबकि लड़की के परिजन चौकी राजघाट पहुंचे हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठे किए। घटनास्थल से एक अपाचे मोटरसाइकिल, कपड़ों से भरा एक बैग, आधार कार्ड और कुछ नकदी बरामद हुई है। विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी भी घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। शव एक से दो दिन पुराने प्रतीत हो रहे थे। एसपी देहात अंतरिक्ष जैन ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा द्वारा बच्चों की अद्भुत उपस्थिति के बाद बाल संस्कार शिविर का समापन



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा पिलुखवा के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ 21 में 2026 को किया गया शिविर का कल अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करने के बाद समापन हुआ। भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा द्वारा बाल संस्कार शिविर में योग्य प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षिकाओं द्वारा लगभग 200 बच्चों को नृत्य, मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, मॉकटेल, आर्ट एंड क्राफ्ट, देश भक्ति गीत एवं मंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया । सभी बच्चों ने शिविर में मन लगाकर सीखा ।कार्यक्रम में सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी से पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था ने सभी बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन संस्था की मार्गदर्शक बीना गोयल ने किया। कार्यक्रम में संस्था के मार्गदर्शक वरिष्ठ अभियान साहित्यकार अशोक गोयल 'चक्रवर्ती'ने सभी बच्चों वह संस्था के पदाधिकारी व प्रशिक्षकों को अपनी काव्यमयी फुवारों से सबको खूब भिगोया। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्यों का स्वागत संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिव हिमानी बंसल, कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल, महिला सहभागिता शालू बंसल ने किया।

## धर्मकांटे में इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर फ्लोर मिल संचालक को लाखों रुपए का चूना लगाने वालें दो ठग गिरफ्तार

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के देहात थाना पुलिस ने धर्मकांटे में इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर फ्लोर मिल संचालक को लाखों रुपये का चूना लगाने के मामले में मथुरा के दो शातिरों को गिरफ्तार किया है ।यह चिप धर्म कांटे पर वजन को 40 फीसदी तक बढ़ा देती थी। आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक चिप, धर्म कांटे की रसीदें व दो ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की गई हैं। पुलिस गैंग के अन्य शातिरों की तलाश में जुटी है ।सीओ वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि जरौठी रोड स्थित शिवा फ्लोर मिल के संचालक विनीत अग्रवाल ने पुलिस से शिकायत की थी कि कुछ शातिर उन्हें माल बेचने के नाम पर चूना लगा रहे हैं। लगातार कुल खरीदे गए गेहूं का वजन कम निकल रहा है ।शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। जांच के आधार पर देहात थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने टीम के साथ दो शातिरों को जरौठी फ्लोर मिल के पास से गिरफ्तार कर लिया ।आरोपियों की पहचान गोपाल व योगेश निवासी राया जनपद मथुरा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इन दोनों ने एक दिन फ्लोर मिल में गेहूं बेचने की पूछताछ करने के दौरान यहां के धर्म कांटे के फ्लोर में एक इलेक्ट्रिक चिप चुपके से चिपका दी थी ।यह चिप धर्म कांटे की सूई को प्रभावित करती थी और ट्रॉली में भरे हुए गेहूं के वजन को 40 फीसदी तक बढ़ाकर बताती थी। उदाहरण के तौर पर यदि ट्राली में 100 क्विंटल गेहूं भरा होता था तो कांटा 140 दशार्ता था ।पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से फ्लोर मिल संचालक को घाटा पहुंचा रहे थे। मिल संचालक को इसका एहसास काफी दिनों तक इसलिए नहीं हुआ क्योंकि उनके खुद के कांटे पर ही इसे तोला जाता था ।लगातार घाटा होने के बाद उन्होंने अपने यहां आने वाले अनाज का पास ही स्थित गोविंद धर्म कांटे पर वजन कराया तो उन्हें अपने कांटे की कमी का पता चला और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की ।आसपास के क्षेत्र में गैंग सक्रिय होने की संभावना पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका गैंग आसपास के जिलों में सक्रिय है। इस गैंग में आठ से अधिक लोग शामिल हैं। संगठित रूप से आरोपी इस तरह के अपराध को अंजाम देकर लोगों को लाखों का चूना लग रहे हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में कुछ नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस इन इलेक्ट्रॉनिक चिप की भी जांच करा रही कि आखिर यह चिप किस प्रकार से धर्म कांटे को प्रभावित करती है।

## भट्ठों से जलवायु तकः मजदूरों की आवाज को केंद्र में लाने की पहल



संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** चंबल मीडिया द्वारा 'बुनियाद पहल' के अंतर्गत 'तपते भट्ठे, बदलता मौसमः जमीनी कहानियाँ और जलवायु संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ईंट भट्ठा मजदूर समुदायों के जीवन, संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से जुड़े अनुभवों को सार्वजनिक और नीतिगत चचाओं के केंद्र में लाना है। कार्यक्रम में ईंट भट्ठा मजदूरों की बदलती कामकाजी परिस्थितियों, बढ़ती गर्मी, अनियमित बारिश ,पलायन, स्वास्थ्य संकट और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा होगी। आयोजकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर उन समुदायों पर पड़ रहा है,जो खुले वातावरण में कठिन श्रम करने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी आवाजें अब भी मुख्यधारा की चचाओं से गायब हैं। इस अवसर पर 'चार्टर ऑफ डिमांड्स' भी प्रस्तुत किया जाएगा,जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों और समुदायों के अनुभवों पर आधारित है। इसमें सुरक्षित कार्यस्थल,श्रम अधिकारों का पालन,स्वास्थ्य व शिक्षा तक पहुंच,प्रवासी मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देने जैसी मांगें शामिल हैं। कार्यक्रम में 'उड़ान फेलोशिप' से जुड़े युवाओं की जमीनी रिपोर्टिंग और कहानियों को भी साझा किया जाएगा। चंबल अकादमी द्वारा प्रशिक्षित इन युवाओं ने मोबाइल पत्रकारिता के माध्यम से जलवायु संकट को मजदूरों के रोजमर्रा के जीवन से जोड़कर सामने रखा है। इसके साथ ही 'क्लाइमेट विजुअल मैप', फिल्म स्क्रीनिंग और राउंडटेबल चर्चा का आयोजन भी होगा, जिसमें पत्रकार,शोधकर्ता, जलवायु विशेषज्ञ,मजदूर और सामाजिक संगठन शामिल होंगे।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने काशी के प्रमुख मंदिरों में टेका माथा, दूसरे दिन भी बधाई देने वालों का लगा रहा तांता







संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) निवासी भाजपा के नवनियुक्त वाराणसी जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल ने शुक्रवार की भोर में काशी के प्रमुख मंदिरों बाबा विश्वनाथ, बाबा श्री कालभैरव व श्री शंकट मोचन मे प्रभु श्री हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर माथा टेका। दोपहर मे वापसी में घर जाते समय राजातालाब बाजार में भाजपा कार्यकताओं द्वारा ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ जबरजस्त स्वागत किया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष ने गाड़ी पर सवार हो सबका अनिनन्दन स्वीकार किया। राम शकल पटेल ने कहां की पार्टी के सभी कार्यकताओं के सहयोग से जिले में संगठन को और ऊंचाई पर ले जायेंगे ।2027 में चुनाव में पूरे दम खम के साथ साकारात्मक परिणाम की ओर पार्टी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का सूत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर अमल करते हुए जिले का सवार्गीण विकास उनकी प्राथमिकता होगी ।आवास पर बधाई देने वालों मे कन्हैया लाल तिवारी,समाज सेवी सतीश तिवारी,अभिषेक तिवारी, राजेश तिवारी,समेत सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व शुभचिंतको का रामसकल के मेंहदीगंज स्थित आवास पर आना जाना स्वागत व बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान आवास पर आए सभी कार्यकर्ताओ का मुंह भी मिठा कराया जा रहा है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी सम्मानित



उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) मेरठ के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी को हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में समिति के अध्यक्ष रवि गुप्ता, महासचिव रजनीकांत तिवारी तथा कोषाध्यक्ष अशोक कौशिक ने अजय चौधरी को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी पत्रकारिता के 200 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए 100 से अधिक पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अजय चौधरी पिछले 15 वर्षों से हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा मेरठ जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। नई दिल्ली में सम्मानित होने पर उपज के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने अजय चौधरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में फासी के फंदे पर लटका मिला





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी/ऊंचा गांव।** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव नरेंद्रपुर निवासी युवक का शव शुक्रवार की सुबह कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची टीम ने शव को फासी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परीजनो ने पत्नी और दो को नामजद कर थाने पर तहरीर दी है। थाना नरसेना क्षेत्र के गांव नरेन्द्रपुर निवासी 25 वर्षीय केशव पुत्र सोहनपाल की डेढ़ माह पूर्व क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी एक युवक ने थाना खानपुर क्षेत्र के गांव से शादी कराई थी, । इसके बाद से युवक का उसके घर आना जाना लगा रहता था। शादी के एक माह बाद युवक पत्नी को लेकर दौलतपुर कला में किराए के कमरे में रहने लगा। बृहस्पतिवार की शाम को अपने चाचा को फोन करके मारपीट करने की सूचना दी। परिजन वहां पहुंचे तो उसकी पत्नी गायब मिली और उसको अपने साथ घर ले आए और जब वह घायल अवस्था में था। शुक्रवार की सुबह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परियों ने करीब 8 बजे उसके कमरे में जाकर देखा तो केशव का शव कमरे की छत में लगे कुंदे में साड़ी से बने हुए फासी के फंदे पर लटका मिला। जिसको देख परिजनों में कोहराम मच गया ।परिजनों ने घटना की जानकारी नरसेना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया और बारीकी से जांच करते हुए शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा।

## अपर मुख्य अधिकारी ने संभाला कार्यभार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बुका देकर किया स्वागत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार ने चार्ज संभाला इनका पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। आपको बता दें बुलंदशहर के जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार चित्रकूट से स्थानांतरण होकर बुलंदशहर का चार्ज संभाल लिया है और बुलंदशहर के पूर्व अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी का जालौन स्थानांतरण हो गया है बुलंदशहर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार ने चार्ज संभाला जिनका पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया है।

## सड़कों पर लग रहा अवैध वाहन स्टैंड, रोज लगता जाम

### अवैध रूप से संचालित हो रहे खटारा वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई क्यों नहीं

वेलकम इंडिया संवाददाता





**शिकारपुर।** शासन से सख्त आदेश के बावजूद नगर में अवैध वाहन स्टैंडों पर रोक नहीं लग पा रही है। इससे रोजाना कई बार चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के खुर्जा बस स्टैंड से रामलीला मैदान व जहांगीराबाद चुंगी चौराहे सहित अनुपम फार्म हाउस मार्ग पर प्राइवेट कार और टेंपो सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक डेरा जमाए रहते हैं। इसके अलावा परशुराम चौक पर ऑटो व कार चालक सड़क पर अवैध रूप से खड़े हो जाते है। सड़क पर खड़े वाहनों और सवारियों के वाहन में बैठने व उतरने से जाम लग जाता है। कार्रवाई न होने से वाहन चालकों की मनमानी जारी है। जबकि हद तो तब हो गई जबकि जहांगीराबाद चुंगी पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं उसके बाद भी अवैध टेंपो स्टैंड सड़क पर ही बना हुआ है। अनूपशहर रोड पर खटारा वाहनों की भी भरमार है वहीं पहासू रोड पर चैनपुरा से अवैध टेंपो का संचालन किस की शह पर किया जा रहा है खटारा वाहनों में सवारी बिठाकर जान जोखिम में डालकर सवारियों को सफर तय कराया जाता है क्या प्रशासन किसी हादसे का इंतजार कर रहा है जब इन खटारा वाहनों पर लगाम लगेगी। कोई बड़ा हादसा होने के बाद प्रशासन की नींद खुलेगी। जब खटारा वाहनों की जांच होगी तो आपको तमाम एक्सपायर डेट के वाहन इनमें नजर आएंगे। आखिर एआरटीओ ऐसे वाहनों के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि इन अवैध वाहनों का संचालन पुलिस के आशीर्वाद से होता है। आखिर सवाल उठता है कि जब दुपहिया वाहन चालकों पर पुलिस की कार्रवाई होती रहती है तो इन अवैध रूप से चलने वाले खटारा वाहनों के संचालन पर कार्रवाई क्यों नहीं।

## मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को मिला 'शान ए काशी' सम्मान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**वाराणसी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को के योग साधना केंद्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मीडिया, समाज एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समारोह के दौरान वाराणसी की गौरव एवं मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'शान ए काशी' सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें शाल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजयता सच्चदेवा ने कहा कि 'काशी की संस्कृति, सभ्यता और सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि उन सभी महिलाओं का सम्मान है जो अपने सपनों को आत्मविश्वास और मेहनत के साथ पूरा करने का प्रयास कर रही हैं। मैं हमेशा समाज, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करती रहूंगी।' उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों की सराहना की।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर गांव चित्तौड़ा में हवन का किया आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गांव चित्तौड़ा में हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित हर वर्ग के किसानों ने स्वर्गीय चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हवन में आहुति देकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

हवन में उपस्थित सभी लोगों ने चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण भारत के उत्थान हेतु किए गए कार्यों और उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि चौधरी साहब हमेशा कहा करते थे कि 'देश की तरक्की का रास्ता गांव, देहात और खेत-खलिहानों से होकर गुजरता है।' उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के अधिकारों, सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि किसानों की आवाज और ग्रामीण भारत की आत्मा थे। पूर्व जिला अध्यक्ष, हापुड़ बसपा, सतीश प्रधान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की नीतियां आज भी किसानों और ग्रामीण समाज के हित में मार्गदर्शक सिद्ध हो रही हैं। इस अवसर पर दिलावर सिंह, ईदरीश प्रधान नाहल' डेलीगेट रामकुमार चौधरी एवं निशू भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए की चौधरी साहब की नीतियां और विचार आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के मूल्यों पर आधारित उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श है।

कार्यक्रम में ऋषिपाल सिंह, हरेंद्र फौजी, समरजीत सिंह, सुशील कुमार, मनोज कुमार, समीर चौधरी, गौरव प्रताप सिंह, पार्थ चौधरी, कोमित चौधरी, विनीत चौधरी, बलजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, नीरज कुमार, बीरपाल सिंह, रामकुमार सिंह, सोनपाल सिंह, जगपाल सिंह, जगत सिंह, सुंदरपाल सिंह, रवि कुमार, सतपाल सिंह, हरीश कुमार, भ्रमदत्त सिंह, उदेश कुमार, सनित कुमार, कुलदीप कुमार, जोगेंद्र सिंह, रामबीर सिंह, मानसिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, गोपीचंद, विशाल कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने चौधरी चरण सिंह जी के बताए सिद्धांतों को अपनाने एवं समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# रूस की मारी स्टेट यूनिवर्सिटी और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच हुआ शैक्षणिक समझौता

वेलकम इंडिया संवाददाता




**साहिबाबाद।** नई दिल्ली में आयोजित इंडो-रशियन एजुकेशन समिट-2026 में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समिट में रूस की 25 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय छात्रों और शैक्षणिक संस्थानों को रूस में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसरों से अवगत कराना था।

समिट के दौरान रूस की मारी स्टेट यूनिवर्सिटी और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मारी स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से विश्वविद्यालय के रेक्टर डॉ. मिखाइल श्वेत्सोव तथा इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), छात्र एवं संकाय विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध परियोजनाएं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, फामेर्सी, उभरती प्रौद्योगिकियों तथा पाठ्यक्रम आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल रिलेशंस) विभूति शंकर तथा वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी भी उपस्थित रहे। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने वैश्विक स्तर पर ज्ञान, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कॉलेज के चेयरमैन विष्णु शरण एवं कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह समझौता छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने, शोध करने और करियर के नए अवसर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों और विशेषज्ञ सेवा से मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज ने जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान द्वारा जिला चिकित्सालय, संजय नगर के फिजियोथेरेपी विभाग को आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनें एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार और देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग में एक फिजियोथेरेपिस्ट की भी नियुक्ति की गई है। आईटीएस-दी एजुकेशन ग्रुप की इस सराहनीय पहल को स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। संस्थान की ओर से कहा गया कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। यह पहल आईटीएस-दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुई।

# गोविंदपुरम में गूंजे श्रद्धा के स्वर: चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन-पूजन, किसानों के मसीहा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न, किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गोविंदपुरम पार्क स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फ्हअ कमेटी एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें विधिवत हवन संपन्न कराया गया। आचार्य चंदरपाल जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन सम्पन्न कराया तथा उपस्थित जनसमूह को सनातन परंपरा एवं किसान हित में उनके विचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और किसानों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण किया।

कार्यक्रम में फ्हअ अध्यक्ष रविंदर सिंह पूनिया, महिपाल तोमर, संतोष प्रमुख, ओमपाल सिंह, जिले सिंह, विक्रम सिंह, उदयवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, पार्षद पति अमित डबास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में 'चौधरी चरण सिंह अमर रहें' के नारों के साथ उन्हें नमन किया।

# भोजपुर क्षेत्र से युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 18 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं मामले ने गांव में तनाव का माहौल भी पैदा कर दिया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती के अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी महिला की 18 वर्षीय बेटी तीन दिन पहले घर से अचानक लापता हो गई। परिवार के लोगों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजन भोजपुर थाने पहुंचे और गांव निवासी रितिक नामक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी। परिजनों का आरोप है कि युवती के गायब होने के पीछे उक्त युवक का हाथ हो सकता है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द युवती को सकुशल बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। युवती के लापता होने की खबर फैलते ही गांव में चर्चा का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ परिवार के घर के बाहर जुटने लगी। मामला अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण प्रशासन ने स्थिति को संवेदनशील मानते हुए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी रखी जा रही है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। भोजपुर थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर बस स्टैंड, मोदीनगर में श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने अन्य गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं के साथ चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के राष्ट्र निर्माण, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं गरीब वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'चौधरी चरण सिंह जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि देश के किसानों की आवाज थे। उन्होंने गांव, किसान और गरीब को राजनीति के केंद्र में लाने का कार्य किया। उनका संघर्ष और विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।' नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी ने भारतीय राजनीति में ईमानदारी, सादगी और किसान हितैषी सोच की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि 'देश और समाज के प्रति उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के लिए आगे आना चाहिए।' कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में सभासद प्रकाश चौधरी, सूबे सिंह, रजनीश चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सोनू चौधरी, बलराज गुर्जर, आदित्य बॉबी, ललित सेन, अरुण खन्ना, हेमंत पालीवाल, नवीन जायसवाल, संदीप सांगवान, गोल्डी नेहरा, किशन राज सेन, ललित त्यागी, हिमांशु थापर, अनिला आर्या, जितेंद्र चितौरा, गोपाल गौतम, संजय भदौला, अमित चौधरी, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन की बड़ी कामयाबी: दहेज हत्या मामले में आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा



श्री गिर्राज सिंह भाटी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता | आरक्षी प्रताप सिंह पैरोकार कन्विक्शन सेल | मु0आ0 विपिन सिंह पैरोकार थाना टीलामोड़

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप दहेज हत्या के गंभीर मामले में अभियुक्त को मा० न्यायालय द्वारा कठोर सजा सुनाई गई है। थाना टीलामोड़ पर पंजीकृत धारा 498ए/304बी भादवि के मुकदमे में अभियुक्त जहाँगीर खान पुत्र स्व0 अमीरुल हक, निवासी डी-04, फ्लैट नं. 801, भारत सिटी, थाना टीलामोड़, गाजियाबाद को मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट), गाजियाबाद द्वारा दिनांक 29.05.2026 को धारा 304बी भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 498ए भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000 अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त द्वारा दहेज की मांग को लेकर वादी की पुत्री को प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में दिनांक 15.04.2022 को थाना टीलामोड़ पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद श्री अभिजीत आर. शंकर द्वारा साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी रूप से की गई तथा 'कन्विक्शन सेल' के साथ सतत समन्वय स्थापित किया गया। वहीं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्री गिर्राज सिंह भाटी द्वारा मा० न्यायालय में सशक्त पैरवी की गई, जिसके फलस्वरूप आरोपी को सजा दिलाई जा सकी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस का ऑपरेशन कन्विक्शन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं सजा सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर संगोष्ठी आयोजित, पांच गांवों के वरिष्ठ नागरिक सम्मानित



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की ओर से 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के हिंडन-सिहानी युद्ध की 170वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी एवं 'प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुहाना, भनेड़ा, खिदोड़ा, ग्यासपुर और कुम्हैड़ा गांव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इन पांचों गांवों के लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था, जिसके चलते अंग्रेजी हुकूमत ने इन गांवों को बागी घोषित कर दिया था। ग्रामीणों को अनेक यातनाएं भी दी गईं, लेकिन उन्होंने अंग्रेजों के सामने झुकने से इनकार कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच से मांग उठाई गई कि इन पांचों गांवों के मध्य 1857 की क्रांति की स्मृतियों को संजोने के लिए एक संग्रहालय बनाया जाए तथा गांवों को शहर जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारक कृपा शंकरने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पायलट राकेश त्यागी रहे। वहीं कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी और समाजसेवी सत्येंद्र त्यागी को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सत्येंद्र त्यागी ने इन पांचों गांवों की मांगों को लेकर तीन दिन का आमरण अनशन भी किया था। सम्मान स्वरूप अतिथियों को मोमेंटो एवं शॉल भेंट किए गए। कार्यक्रम में सतपाल प्रधान भनेड़ा, कनक सिंह त्यागी सुहाना, अनुज त्यागी ग्यासपुर, सैकी त्यागी कुम्हैड़ा, बाबा विद्यानंद त्यागी, धर्मपाल त्यागी, प्रोफेसर सतीश त्यागी, ताहिर खान सहित बड़ी संख्या में प्रोफेसर, शिक्षक, प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न जिलों से आए लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बागपत, गाजियाबाद, मेरठ सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नोएडा पुलिस की बड़ी कामयाबी: अंतरजनपदीय शातिर चोरी गिरोह का पदार्फाश, 04 गिरफ्तार- 50 लाख के आभूषण, नकदी व अवैध हथियार बरामद





कपिल चौहान

**गौतमबुद्धनगर।** थाना सूरजपुर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से एक अंतरजनपदीय संगठित चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी के आभूषण, नकदी तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं। दिनांक 29.05.2026 को की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने अभियुक्त, प्रदीप यादव उर्फ फौजी, शिव कुमार उर्फ चूंचा, वीरेश उर्फ वीरा तथा, सूरज उर्फ बंटा को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के चोरी के आभूषण, 01 लाख 65 हजार रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑटो (रजि. नं. UP16LT8138) बरामद किया गया। साथ ही तीन अभियुक्तों के पास से 03 अवैध चाकू भी मिले।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह संगठित रूप से ऑटो के माध्यम से दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र की सोसायटियों एवं सेक्टरों में बंद पड़े मकानों की रैकी कर ताला एवं ग्रिल तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।

गिरोह के सदस्य चार से पाँच के समूह में काम करते थे, जिसमें कुछ लोग बाहर ऑटो में निगरानी करते थे और अन्य भीतर घुसकर वारदात को अंजाम देते थे। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य आपराधिक मामलों की जांच भी जारी है।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर हवन, माल्यार्पण और विचार गोष्ठी में उमड़ा जनसैलाब





**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन, पुष्पांजलि और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों ने भाग लेकर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन से हुई। इसके बाद उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूरा वातावरण किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की राजनीति में गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि आज भी उनकी नीतियां और विचार देश के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक नेता नहीं बल्कि किसानों की आवाज थे।

# लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** जनपद में विकास कार्यों को गति देने और आमजन को बेहतर सड़क एवं यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी सभागार में लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने की। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क चौड़ीकरण, मार्ग सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़कों और सेतुओं के पुनर्निर्माण संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रस्तावों का पुनः परीक्षण कर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता को समय पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क और सेतु निर्माण जैसे कार्य सीधे तौर पर आमजन के दैनिक जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं या आवागमन बाधित हो रहा है, वहां शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। वहीं गाजियाबाद सांसद, लोनी विधायक, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा बागपत सांसद के प्रतिनिधियों ने जूम माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता रामराजा, सहायक अभियन्ता डी0के0 शर्मा, सुरेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईफोन चोरी करने वाला शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 24 घंटे में बरामद हुआ मोबाइल

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मुरादनगर पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया आईफोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 27 मई को एक व्यक्ति ने थाना मुरादनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका आईफोन चोरी हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान राजन उर्फ भीमा निवासी ग्राम अबुपर, थाना निवाड़ी के रूप में की।

गुरुवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया आईफोन बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और चोरी की घटनाओं में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा महानगर इकाई की रणनीति तैयार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के तहत भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में सभी आयामों के संयोजकों एवं प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अभियान की सफलता के लिए सभी आयामों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से जनसंपर्क बढ़ाने के सुझाव भी दिए।

अभियान के संयोजक राजन आर्य वाल्मीकि तथा सहसंयोजक महताब त्यागी, राम त्यागी और दयानंद बंसल ने सभी आयाम प्रमुखों को उनके विभागों से संबंधित जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने के निर्देश दिए और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में आयाम प्रमुख सचिन डेढ़ा, देवेंद्र यादव, नरेश भाटी, मोनिका चौधरी, रिचा भदोरिया, नीरज शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, गजेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि अभियान के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा से स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी कदम: यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने शुरू की 'सैटेलाइट क्लिनिक' सेवा

## दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से घर के पास ही परामर्श

कपिल चौहान





**ग्रेटर नोएडा।** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, नजदीक परी चौक) द्वारा 'सैटेलाइट क्लिनिक' सेवा की शुरूआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत अस्पताल परिसर में स्थापित अत्याधुनिक कमांड सेंटर का आज विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसके माध्यम से फर्रूखाबाद में पहली सैटेलाइट क्लिनिक सेवा का शुभारंभ किया गया। फर्रूखाबाद स्थित सैटेलाइट क्लिनिक का उद्घाटन माननीय सांसद श्री मुकेश राजपूत द्वारा किया गया। इस पहल से अब दूरस्थ क्षेत्रों के मरीज बिना बड़े शहरों की यात्रा किए यथार्थ हॉस्पिटल के सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों से सीधे ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

अस्पताल का ओमेगा-1 स्थित कमांड सेंटर आधुनिक डिजिटल तकनीकों से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से सैटेलाइट क्लिनिकों को रियल-टाइम में विशेषज्ञ चिकित्सकों से जोड़ा जाएगा। इससे मरीजों को विभिन्न सुपर स्पेशलिटी विभागों की सेवाएं, सेकेंड ओपिनियन, उपचार मार्गदर्शन एवं फॉलो-अप सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर ग्रुप सीईओ श्री अमित सिंह ने कहा कि यह पहल उन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी जहां विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सीमित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस मॉडल का विस्तार देश के अन्य राज्यों एवं शहरों में भी किया जाएगा। सीओओ एवं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार बलियान ने बताया कि यह सेवा केवल उपचार ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि इस डिजिटल मॉडल से मरीजों को बार-बार बड़े शहरों के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने संकेत दिया है कि भविष्य में देशभर में और भी सैटेलाइट क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का नेटवर्क और अधिक मजबूत होगा।

# इंदिरापुरम में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, दमकल की फुर्ती से टला बड़ा हादसा





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** इंदिरापुरम के कनावानी पुस्ता रोड स्थित ट्रांसफार्मर में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ट्रांसफार्मर के पास बने अस्थायी लकड़ी के खोखे भी इसकी चपेट में आ गए। हालांकि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई के चलते आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। अग्निशमन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 मई 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे कनावानी पुस्ता रोड पर दो ट्रांसफार्मरों में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली के नेतृत्व में दो फायर टेंडरों को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया।

घटनास्थल पर पहुंची दमकल टीम ने देखा कि दोनों ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल रहे थे और आग पास में रखे लकड़ी के अस्थायी ढांचों तक फैल चुकी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने दो होज लाइनें बिछाकर दोनों ओर से आग पर पानी की बौछार शुरू की और तेजी से राहत एवं बचाव अभियान चलाया।

दमकल कर्मियों की कड़ी मेहनत और सूझबूझ के चलते आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोक ली गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अग्निशमन विभाग की तत्परता और त्वरित प्रतिक्रिया के कारण एक संभावित बड़े हादसे को टालने में सफलता मिली, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों ने उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री केशव कुमार चौधरी ने अपने कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात श्री राजकरन नैय्यर ने भी अपने कार्यालय में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरतने तथा निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराया जाएगा। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन रही है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निदेर्शानुसार शुक्रवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में परीक्षा संचालन से जुड़े सभी बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि जनपद में बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 11 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 22 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 22 सुपरिंटेंडेंट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की है। पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान यातायात, बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# गाजियाबाद में अवैध कॉलोनियों पर जीडीए का बड़ा एक्शन, रईसपुर क्षेत्र में 4 स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चला बुलडोजर

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में अवैध निर्माण एवं अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आज दिनांक 29.05.2026 को प्रवर्तन जोन-03 के अंतर्गत व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में यह कार्रवाई रईसपुर क्षेत्र, निकट सूर्या गार्डन सहित विभिन्न खसरा नंबरों पर की गई, जहां अवैध रूप से कॉलोनियों एवं निर्माण कार्य विकसित किए जा रहे थे।

कार्रवाई के दौरान निम्न स्थानों पर ध्वस्तीकरण किया गया– खसरा संख्या 1277, 1278 एवं 1279 (रईसपुर) में लगभग 4500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण ध्वस्त, सूर्या एन्क्लेव क्षेत्र में लगभग 20 बीघा भूमि पर अनधिकृत विकास कार्य समाप्त, खसरा संख्या 1267 (रईसपुर, निकट सूर्या गार्डन) में लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कार्रवाई, खसरा संख्या 167 एवं 169 (रईसपुर/ सदरपुर) में लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण हटाया गया। इस दौरान संबंधित निर्माणकताओं द्वारा विरोध किया गया, किंतु प्राधिकरण पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अभियान के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/ मेट, स्थानीय पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्या, अफसरों को लगाई जवाबदेही की ड्यूटी

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने राजस्व, जीडीए, नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जन शिकायतें सुनी जाएं तथा जूम माध्यम से लाइव रहकर शिकायतों की समीक्षा सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन ही जनता का विश्वास मजबूत करता है। जनता दर्शन में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। वहीं अन्य प्रकरणों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल जूम के माध्यम से संपर्क स्थापित कर शिकायतों की जानकारी दी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग को मिलावटखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं श्रम विभाग को निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जांच करने और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर दौड़ रहे डग्गामार वाहनों, अनफिट वाहनों और अनफिट एंबुलेंसों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा सीएम डैशबोर्ड पुस्तिका में सुधार लाने के लिए सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुरक्षा, जनहित और जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विशेष अभियान संचालित किए जाएं, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्य, सिटी मजिस्ट्रेट सतीश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज म्यूजिक का विरोध, होम स्टे संचालक पर मारपीट का आरोप

गाजियाबाद। सिद्धार्थ विहार क्षेत्र में देर रात तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करना पड़ोसी युवकों को भारी पड़ गया। आरोप है कि होम स्टे में हो रहे शोर–शराबे का विरोध करने पर संचालक और उसके साथियों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ितों की शिकायत पर विजयनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ विहार निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला रोहित शर्मा होम स्टे संचालित करता है। आरोप है कि 25 मई की रात होम स्टे में तेज आवाज में गाने बजाए जा रहे थे, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। देर रात तक चल रहे तेज संगीत के कारण क्षेत्र के लोगों में नाराजगी थी। मोहित कुमार के अनुसार उन्होंने पड़ोसी होने के नाते शांतिपूर्वक जाकर आवाज कम करने के लिए कहा था, लेकिन इस बात पर होम स्टे संचालक रोहित शर्मा और उसके साथियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपियों ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस दौरान मोहित कुमार के साथ–साथ प्रिंस यादव और निशांत यादव को भी पीटा गया, जिससे तीनों को चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बीच–बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित पक्ष विजयनगर थाने पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के दौरान क्या हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी मिल सके।